mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-28 अंक-340 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

11 दिसंबर 2024 बुधवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



चोटिल हैं जसप्रीत ...

@ पेज 7

# कर्नाटक में लिंगायत समुदाय के आरक्षण की मांग पर बवाल



## बेलगावी में हिंसक प्रदर्शन, लाठीचार्ज; विधायक और स्वामीजी हिरासत में

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में लिंगायत पंचमसाली समुदाय की आरक्षण मांग पर प्रदर्शन उग्र हो गया है। मंगलवार को बेंगलुरु में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा घेरा तोड़कर विधानसभा की ओर मार्च करने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया और प्रदर्शनकारियों को खदेड़ दिया। लाठीचार्ज में कई प्रदर्शनकारी घायल हुए। पुलिस ने भाजपा के कई विधायकों और आंदोलन का नेतृत्व कर रहे बसवजय मृत्युंजय स्वामी को हिरासत में लिया। मौके पर



सड़क पर जूते-चप्पल बिखरे मिले। कई प्रदर्शनकारियों के सिर से खून बहने के वीडियो भी सामने आए हैं। इसे लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार और विपक्षी दल भाजपा और छ्व्षठ्ठस् के बीच बहस शुरू हो गई है। विपक्षी दलों ने कांग्रेस पर संतों के अपमान का आरोप लगाया, जिसके जवाब में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, ÷हम प्रदर्शन के खिलाफ नहीं हैं। मैंने प्रतिनिधियों को चर्चा के लिए बुलाया था, लेकिन वे नहीं आए। सबको प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन इसे शांति से किया जाना चाहिए।÷

# विपक्ष का धनखड़ के खिलाफ अविश्वास

### कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों के 60 सांसदों के दस्तखत

### रिजिजू बोले- विपक्ष सभापति का अपमान करता है, बहुमत हमारे पास





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के शीतकालीन सत्र के 10वें दिन मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के जनरल सेक्रेटरी पीसी मोदी को धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया।इस नोटिस में कांग्रेस, TMC, AAP, सपा, DMK, CPI, CPI-M और RJD समेत विपक्षी पार्टियों के 60 सांसदों के दस्तखत हैं। विपक्ष का आरोप है कि राज्यसभा के सभापति और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन चलाते हैं और विपक्ष को बोलने नहीं देते।विपक्ष के नोटिस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष हमेशा चेयर (सभापति) का अपमान करता है। वे सभापति के अधिकारों का अनादर करते हैं। सदन में एनडीए के पास बहुमत है और हम सभी को चेयरमैन पर भरोसा है।%

वहीं, मंगलवार को 11 बजे दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हुई। लोकसभा में हंगामे के चलते पहले 12 बजे तक सदन स्थगित कर किया गया। 12 बजे कार्यवाही शुरू होने के बाद भी अडाणी-जॉर्ज सोरोस मुद्दे पर हंगामा जारी रहा, स्पीकर ने बुधवार तक के लिए सदन स्थगित कर दिया। हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही भी बुधवार तक स्थगित कर दी गई।उन्होंने उपराष्ट्रपति की प्रशंसा करते हुए कहा, %धनखड़ जी एक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं। वे संसद के अंदर और बाहर हमेशा किसानों और लोगों के कल्याण के बारे में बात करते हैं। वे हमारा मार्गदर्शन करते हैं। हम उनका सम्मान करते हैं। हम सभी को अध्यक्ष पर भरोसा है। जिस तरह से वे सदन का मार्गदर्शन करते हैं, उससे हम खुश हैं।%

प्रियंका बोलीं- सरकार रोज सदन स्थगित करा रही

इधर, प्रियंका गांधी ने कहा कि हम जो प्रदर्शन कर रहे हैं, वो बाहर कर रहे हैं। हम रोज कोशिश करते हैं, लेकिन वे (सरकार) चर्चा नहीं चाहते। रोज किसी न किसी बहाने सदन को स्थगित करा रहे हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कोई भी मुद्दे हों, हम सदन की कार्यवाही बाधित नहीं करेंगे। सपा, ऊस्ष्ट और कांग्रेस समेत कई पार्टियों के सांसद मेरे पास आए थे। कांग्रेस राज्यसभा में चर्चा करना चाहती है, सिर्फ राहुल गांधी कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेना चाहते। शायद उनका संसदीय लोकतंत्र में विश्वास नहीं है।


## INDIA ब्लॉक का नेतृत्व ममता करें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** INDIA ब्लॉक में नेतृत्व को लेकर विवाद छिड़ा है। अब RJD सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने ममता बनर्जी का साथ दिया है। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन का नेता चुना जाना चाहिए। कांग्रेस के विरोध का कोई मतलब नहीं है। ममता को ही नेता बनाया जाना चाहिए। इससे पहले लालू के बेटे और बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी ममता बनर्जी के नेतृत्व पर सहमति जता चुके हैं।

उधर, बिहार के कांग्रेस प्रभारी शाहनवाज आलम ने कहा, कांग्रेस पार्टी एक अखिल भारतीय पार्टी है। जो लोग इस तरह का दावा कर रहे हैं कि बिहार, यूपी, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का वजूद नहीं है, वह पूरी तरह से बेतुका है। अगर आप सिर्फ एक राज्य में मजबूत हैं तो उसके आधार पर आप दूसरे दल पर सवाल खड़ा नहीं कर सकते। हर किसी की महत्वाकांक्षा होती है, लेकिन उसे कंट्रोल में रखना चाहिए। वहीं, दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और शरद पवार के बीच आज बैठक होनी है। इस दौरान भी इंडिया गठबंधन के नेतृत्व को लेकर चर्चा हो सकती है।

## इंजीनियर का सुसाइड, पत्नी पर पैसों के लिए प्रताड़ना का आरोप लगाया



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु में एक-द्ब इंजीनियर के सुसाइड का मामला सामने आया है। 34 साल के अतुल सुभाष ने अपनी पत्नी और सास पर पैसों के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए सुसाइड कर लिया। उन्होंने 9 दिसंबर को 1ः20 घंटे का वीडियो और 24 पेज का लेटर जारी कर कहा है कि उनके पास आत्महत्या के सिवा कोई उपाय नहीं बचा है। अतुल ने उत्तर प्रदेश के जौनपुर की एक जज पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अपने लेटर में लिखा है कि जज ने मामले को रफा-दफा करने के नाम पर 5 लाख रुपए मांगे थे। अतुल ने यह भी लिखा कि उनकी पत्नी, सास और जौनपुर की जज ने उन्हें सुसाइड करने को कहा था। मूल रूप से बिहार के अतुल सुभाष का शव बेंगलुरु के मंजूनाथ लेआउट में उनके फ्लैट से बरामद हुआ। पड़ोसियों ने उनके घर का दरवाजा तोड़ा तो उनकी बॉडी फंदे पर लटकी मिली। कमरे में 'जस्टिस इज ड्यू' यानी 'न्याय बाकी है' लिखी एक तख्ती मिली। अतुल के परिवार की शिकायत पर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है।

### संक्षिप्त समाचार

## पहली बार कठघरे में खड़े हुए इजरायल के पीएम नेतन्याहू

- होटल और रेस्टोरेंट ने बायकॉट किया

तेल अवीव (एजेंसी)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कथित भ्रष्टाचार के मामले में अपने खिलाफ लंबे समय से चल रहे मुकदमे में मंगलवार को पहली बार कठघरे में खड़े होकर गवाही दी। ऐसा उन्होंने तब किया है जब उन्हें युद्ध अपराधों के लिए अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट का सामना करना पड़ा है और गाजा में भी लड़ाई जारी है। यह पहली बार है कि जब किसी मौजूदा



इजरायली प्रधानमंत्री ने एक आपराधिक प्रतिवादी के रूप में कठघरे में खड़े होकर गवाही दी। गवाही देना शुरू करने पर नेतन्याहू ने न्यायाधीशों को 'हैलो' कहा। एक न्यायाधीश ने उनसे कहा कि उनके पास अन्य गवाहों के समान विशेषाधिकार हैं और वह अपनी इच्छानुसार बैठ सकते हैं या खड़े रह सकते हैं। तेल अवीव की खचाखच भरी अदालत में कठघरे में खड़े नेतन्याहू ने कहा, ''सच कहने के लिए मैंने इस पल का आठ साल तक इंतजार किया।'' उन्होंने अपने खिलाफ आरोपों को 'निरर्थकता का भंडार' करार दिया और वादा किया कि उनका बयान अभियोजन पक्ष के मामले को खत्म कर देगा।

## असद के भागते ही मुश्किलों में घिरा सीरिया

सीरिया (एजेंसी)। सीरिया में बशर अल-असद सरकार का पतन हो चुका है। असद के देश से भागने के बाद सीरिया मुश्किलों में घिरता हुआ नजर आ रहा है। सीरिया में पहले अमेरिका ने बम बरसाए फिर इजरायल ने रॉकेट से हमले किए। अब तुर्किये भी इसमें पीछे नहीं रहा है। तुर्किये ने ड्रोन ने पूर्वी सीरिया के कई इलाकों में हमले किए हैं जिसमें छह बच्चों सहित 12 नागरिक मारे गए हैं। तुर्किये की फोर्स ने सीरिया के उत्तरी इलाके मनबिज पर कब्जा भी कर लिया है।



तुर्किये ने आतंकियों का किया सफाया

बता दें कि, कुर्दिश सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्स (SFD) ने 2016 में ISIS को हराकर मनबिज पर कंट्रोल हासिल किया था। मनबिज में स्ष्ठस्न की हार के बाद कुर्द लड़ाकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए अमेरिका और तुर्किये के बीच सोमवार को समझौता हुआ है। इस बीच तुर्किये के राष्ट्रपति ने इस जीत पर कहा कि वो मनबीज से %आतंकियों% के सफाए से खुश हैं। तुर्किये के विदेश मंत्री हकन फिदान ने सीरिया में एक नए युग की उम्मीद जताई है, जिसमें जातीय और धार्मिक समूह एक समावेशी सरकार के तहत शांतिपूर्वक रह सकेंगे। उन्होंने इस्लामिक स्टेट या कुर्द लड़ाकों को स्थिति का फायदा उठाने की अनुमति ना देने की चेतावनी देते हुए कहा कि तुर्किये सीरिया को %आतंकवाद के लिए पनाहगाह% बनने से रोकेगा।

# सोनिया गांधी को मुझ पर भरोसा नहीं था : नजमा

### अपनी किताब में नजमा हेपतुल्ला ने कई घटनाओं का किया जिक्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री नजमा हेपतुल्ला ने अपनी आत्मकथा %इन परस्यूट ऑफ डेमोक्रेसीः बियॉन्ड पार्टी लाइंस% में कांग्रेस पार्टी में सोनिया गांधी के नेतृत्व में हुई कुछ घटनाओं का जिक्र किया है। उन्होंने 1998 में सोनिया गांधी के पार्टी अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी की कार्यशैली पर सवाल उठाए और कहा कि उस वक्त पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेतृत्व के बीच सीधा संवाद टूट गया था। 10 जनपथ से सीधे संवाद कट गया था, क्योंकि वहां काम कर रहे जूनियर अधिकारी सिर्फ क्लर्क और अन्य स्टाफ थे, जो असल पार्टी कार्यकर्ता नहीं थे। नजमा हेपतुल्ला बीजेपी में शामिल होने से पहले 2004 तक कांग्रेस पार्टी के साथ थीं। हेपतुल्ला 1980 में राज्यसभा सदस्य बनीं और 17 साल



तक उच्च सदन की उपसभापति रहीं, ने अपनी आत्मकथा में कई घटनाओं का खुलासा किया है, जो उनके और तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के बीच बढ़ते अविश्वास को दर्शाती हैं। उन्होंने अपनी आत्मकथा में यह भी बताया है कि 2004 में बीजेपी में शामिल होने से पहले कांग्रेस पार्टी में उनके लिए वातावरण बदल चुका था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने लिखा, ÷हमारे बीच संवाद की गुणवत्ता में कमी थी और यह भी नहीं पता था कि हमारे नेता के इन-ग्रुप या आउट-ग्रुप में कौन लोग हैं, या हम उनके दृष्टिकोण का समर्थन कैसे कर सकते हैं। इससे पार्टी में गिरावट शुरू हुई।÷ नजमा हेपतुल्ला ने 1999 की एक घटना का जिक्र किया जब वह बर्लिन से सोनिया गांधी को फोन कर इंटर-पार्लियामेंट्री यूनियन (ढ्ढक्क) की अध्यक्ष बनने की खबर देना चाहती थीं, लेकिन गांधी के एक स्टाफ ने पहले कहा, %मैम बिजी हैं% और फिर %कृपया लाइन पर बने रहें%। उन्होंने बताया कि उन्हें एक घंटे तक इंतजार कराया गया, लेकिन सोनिया गांधी कभी भी फोन पर उनसे बात करने नहीं आईं। पूर्व राज्यसभा सांसद ने अपनी किताब में लिखा, ÷हर देश, संस्कृति और परिवार के पास ऐसे खास क्षण होते हैं, जो सामान्य जीवन की धारा से ऊपर होते हैं। यह मेरे लिए एक ऐसा क्षण था, जिसने मुझे हमेशा के लिए अस्वीकृति का अहसास दिलाया। हालांकि, यह अस्वीकृति बाद में सही साबित हुई।÷ मणिपुर की पूर्व राज्यपाल नजमा हेपतुल्ला ने अपनी आत्मकथा %इन परस्यूट ऑफ डेमोक्रेसीः बियॉन्ड पार्टी लाइंस% में 1999 की एक और घटना का भी जिक्र किया है, जब कांग्रेस के कई दिग्गज नेता पार्टी में हाशिए पर महसूस कर रहे थे। शरद पवार, पीए संगमा और तारिक अनवर ने सोनिया गांधी के विदेशी मूल के मुद्दे पर पार्टी छोड़ दी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (ह्रष्टक्क) का गठन किया।

## महाकुंभ में आने वाले करोड़ों लोगों की गिनती के खास इंतजाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाकुंभ में आने वाले करोड़ों लोगों की गिनती कैसे होगी? योगी सरकार करने वाली है ये खास इंतजाम

महाकुंभ नगरः दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागमों में से एक महाकुम्भ 2025 के लिए उत्तर प्रदेश सरकार जमकर तैयारियों में लगी हुई है। इसी कड़ी में महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सटीक गिनती के लिए,द्ब से लैस कैमरे लगाए जाएंगे। सरकार ने एक बयान जारी करके बताया कि प्रयागराज में हर 6 साल पर होने वाले कुम्भ या 12 साल पर होने वाले महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सही संख्या गिनने की अभी तक कोई सटीक तकनीक नहीं थी। हालांकि, इस बार योगी आदित्यनाथ सरकार ने,द्ब से लैस खास



कैमरों के साथ ही कई दूसरी तरह की तकनीकों का सहारा लेने का मन बना लिया है, ताकि महाकुम्भ में आने वाले एक-एक श्रद्धालु की गिनती की जा सके।

बता दें कि सरकार ने इन तकनीकों के जरिए महाकुंभ में श्रद्धालुओं को ट्रैक करने का इंतजाम भी किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि 2025 में होने वाले महाकुम्भ में 40 करोड़ से भी ज्यादा लोगों के आने की संभावना है, और यह अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड होगा।

पंत के मुताबिक, इतनी बड़ी संख्या में लोगों की गिनती करने और उन पर नजर रखने के लिए खास व्यवस्था की गई हैं।

## संभल में मारे गए लोगों के परिजनों से मिले राहुल और प्रियंका

### इस मुलाकात की तस्वीर भी सामने आई

नई दिल्ली (एजेंसी)। यूपी के संभल में हुई हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों से कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने मुलाकात की है। इस मुलाकात की तस्वीर भी सामने आई है। इस तस्वीर में हिंसा पीड़ित एक बुजुर्ग राहुल के हाथ में हाथ डाले हुए दिख रहे हैं और राहुल बाकी के लोगों से बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

संभल हिंसा के पीड़ितों से मुलाकात की फोटोज कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कीं और बीजेपी पर निशाना साधा। कांग्रेस ने कहा, %आज नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस



महासचिव व सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी ने संभल के पीड़ितों से मुलाक़ात की। संभल में हुई घटना ङ्खछ्वक्क की नफ़रती राजनीति का दुष्परिणाम है और यह शांतिपूर्ण समाज के लिए घातक है। हमें साथ मिलकर इस हिंसक और नफ़रती मानसिकता को मोहब्बत और भाईचारे से हराना होगा। हम सभी पीड़ितों के साथ खड़े हैं और उनको न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ेंगे।

बता दें कि संभल में मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा को लेकर सीएम योगी ने सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया था कि एक भी उपद्रवी नहीं बचना चाहिए। जिन लोगों ने सार्वजनिक संपत्ति को क्षतिग्रस्त किया है, उसे वापस ठीक कराने का खर्च उन्हीं उपद्रवियों से वसूला जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिया था।

ओरल कैंसर डिटेक्शन और डेंटल ट्रीटमेंट वैन का उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने किया शुभारंभ

# सामंजस्य व आपसी सहयोग से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करना संभव

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सामंजस्य और आपसी सहयोग से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करना संभव है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अपोलो सेज हॉस्पिटल परिसर में "ओरल कैंसर डिटेक्शन और डेंटल ट्रीटमेंट वैन" सेवा का शुभारंभ किया। यह मोबाइल वैन अत्याधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस है, जो मुंह के कैंसर की शीघ्र पहचान और संपूर्ण दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है। इस पहल को डेनासिया ग्रुप और रोटरी क्लब के सहयोग से



संचालित किया जा रहा है, यह वैन विशेष रूप से उन नागरिकों की सेवा के लिए समर्पित है जो आर्थिक अथवा भौगोलिक कारणों से चिकित्सा सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। इस वैन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों और भोपाल के आस-पास के जिलों कर कैंसर एवं दंत रोगों की पहचान और उपचार की सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।

शुक्ल ने डेनासिया ग्रुप और रोटरी क्लब के सहयोग की सराहना करते हुए इसे मानवता की सेवा का अनुकरणीय उदाहरण बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन में सामूहिक प्रयासों का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि इस वैन के संचालन से न केवल ओरल कैंसर की शीघ्र पहचान और उपचार होगा, बल्कि दंत चिकित्सा सेवाओं से भी हजारों नागरिक लाभान्वित होंगे। यह पहल समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शुक्ल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह वैन लोगों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करेगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अपोलो सेज हॉस्पिटल की सुविधाओं का अवलोकन किया।

उल्लेखनीय है कि वैन में उन्नत तकनीक से लैस ओरल कैंसर डिटेक्शन सिस्टम है, जो कुछ ही मिनटों में कैंसर की पहचान कर सकता है। इसके अतिरिक्त, वैन में एक आधुनिक डेंटल चेयर और अन्य चिकित्सा उपकरण हैं, जो जटिल से जटिल दंत समस्याओं का इलाज कर सकते हैं। वैन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह बिजली न होने की स्थिति में भी पेट्रोल जनरेटर की सहायता से निर्बाध रूप से कार्य करती है। यह वैन न केवल तकनीकी रूप से उन्नत है, बल्कि प्रदेश के हर कोने तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। सेज ग्रुप के चेयरमैन संजीव अग्रवाल, डेनेशिया ग्रुप के चेयरमैन पी के त्रिपाठी सहित रोटरी क्लब के प्रतिनिधि, चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## कमिश्नर और आईजी ने मुख्यमंत्री दौरे की तैयारियों का लिया जायजा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 14 दिसम्बर को मऊगंज कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित समारोह में पोषण आहार, अक्षय पात्र तथा छात्रवृत्ति का वितरण करेंगे। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे आरंभ होगा। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद तथा आईजी एमएस सिकरवार ने मऊगंज का दौरा करके मुख्यमंत्री जी के दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। कमिश्नर तथा आईजी ने प्रस्तावित कार्यक्रम के समारोह स्थल तथा हेलीपैड का भ्रमण किया। इस अवसर पर विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी का मऊगंज में पहली बार आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री जी का समारोह में भव्य स्वागत किया जाएगा। समारोह में जिन कार्यों का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया जाना है उनसे जुड़े अधिकारी इन उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। मऊगंज में प्रमुख स्थलों पर होर्डिंग लगाकर तथा सोशल एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से इन उपलब्धियों की जानकारी आमजनता तक पहुंचाएं। कमिश्नर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी का नवगठित मऊगंज जिले में प्रथम आगमन हो रहा है। समारोह में 15 से 20 हजार व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना है। समारोह में आने वाले व्यक्तियों के बैठने, पानी, साफ-सफाई और सुरक्षा की उचित व्यवस्था रखें। वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल निर्धारित करके उनमें समुचित संकेतक लगा दें। छोटे और बड़े वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाएं।

कमिश्नर ने कहा कि समारोह में जिला चिकित्सालय मऊगंज के भवन तथा सीतापुर-हनुमना सूक्ष्म दबाव उद्वहन सिंचाई परियोजना का शिलान्यास करेंगे। संबंधित अधिकारी इसके लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इनके साथ-साथ अन्य प्रमुख निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी समारोह में कराएं। कमिश्नर ने मंच व्यवस्था, अतिथियों के बैठने की व्यवस्था, उपचार व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था तथा हितग्राहियों को हितलाभ वितरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित कलेक्टर मऊगंज अजय वास्तव ने समारोह के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि सभी संबंधित अधिकारियों को मुख्यमंत्री जी के दौरे की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। मऊगंज में सुव्यवस्थित तरीके से कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। निरीक्षण के समय भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रसना ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सपना त्रिपाठी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में की गई 84 प्रकरणों की सुनवाई

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 84 प्रकरणों की सुनवाई की गई। डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले ने कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आवेदनों की समस्यायें सुनीं तथा विभागीय अधिकारियों को समाधान कारक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये।



जनसुनवाई में मीना ने पेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने का आवेदन दिया। मौके पर ही पेंशन कार्ड बनाने के निर्देश दिये गये। मीना को मुख्यमंत्री सामाजिक पेंशन योजना का कार्ड मौके पर ही बनाकर दिया गया। बुद्धसेन मिश्रा सोहागी के नक्शा तरमीम कराये जाने, पडिया हुजूर के लोड्डी द्वारा अभिलेख दुरूस्तगी कराने, जोन्हा निवासी राजेश्वरी नाई के अवैध तरीके से कराये गये नक्शा तरमीम को निरस्त करने तथा पिपरवार निवासी चूड़ामणि पाण्डेय के स्वामित्व की भूमि से दूसरे अनाधिकृत व्यक्ति के अधिपत्य को हटाने की कार्यवाही के आवेदनों को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। राजकुमार दुबे पथरी के अतिग्रस्त माकान का मुआवजा दिलाने का आवेदन किया जिसे परीक्षण के पश्चात तहसीलदार सिरमौर को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। आयुष चतुर्वेदी महसांव के वारसाना नामांतरण, जनकहाई के सत्येन्द्र कुमार शुक्ला के अवरूद्ध मार्ग को खोले जाने के आवेदन तथा वशिष्ट प्रसाद पाण्डेय के खसरे से विलोपित भूमि को दर्ज करने के आवेदनों को संबंधित एसडीएम को प्रेषित किये गये। जनसुनवाई में रामायण प्रसाद हर्दी नं. 2 ने इस्तलाबी करने का आवेदन दिये जिसे नायब तहसीलदार मनगवां को तथा पिपरवार निवासी भरतलाल पाण्डेय के खसरा में अभिलेख दुरूस्तगी के आवेदन पर संबंधित नायब तहसील को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सरस्वती प्रसाद तिवारी लमौली सिरमौर व अभिलेख कुमार टुकुरी 37 ने नहर के मुआवजा के लिये आवेदन दिया जिन्हें सिचाई विभाग को कार्यवाही हेतु प्रेषित कि किया गया। मीना देवी वार्ड 25 रीवा के सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान कराने के आवेदन को संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय को तथा खरहटी अन्तर्गत माला गांव के रहवासियों ने गौशाला से गौवंश को बाहर न छोड़ने का आवेदन दिया जिसे संयुक्त संचालक पशु पालन विभाग को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भविष्योन्मुखी रणनीति के आधार पर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने के दिये निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्यों की कार्ययोजना भविष्योन्मुखी रणनीति के आधार पर तैयार की जाए। उन्होंने जोर दिया कि भविष्य में स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक सेवाओं, उपकरणों और अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित करने के लिए निर्माण योजना में आवश्यक प्रावधान किए जाएं। यह संसाधनों के कुशल उपयोग और बेहतर प्रबंधन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मैहर, मऊगंज और सिंगरौली के नवीन ज़िला चिकित्सालय के



निर्माण/उन्नयन कार्यों की प्रगति की विशेष समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की भर्ती प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि भर्ती प्रक्रिया की औपचारिकताएँ समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं ताकि आवश्यक पद शीघ्र भरे जा सकें और सेवाओं में कोई बाधा न आए। विधायक मैहर कांत चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त तरुण राठी, ऐग्पा के एडिशनल सीईओ लोकेश शर्मा, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम और पीआईयू के अधिकारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नागरिक समाज की धरोहर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि बुजुर्ग किसी चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया के समान हैं। उनके पास जीवन के हर क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं के समाधान का अनुभव है। भले ही वे शारीरिक रूप से कमजोर हो सकते हैं, लेकिन उनका अनुभव अमूल्य है। युवाओं को चाहिए कि वे बुजुर्गों के सान्निध्य में जाएं, उनके अनुभव का लाभ लें, और उन्हें सम्मान दें। वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति न केवल परिवार की ताकत है, बल्कि समाज की भी अमूल्य धरोहर है। उनकी सेवा और सम्मान ही हमारी संस्कृति का आधार है। यदि हम अपने मूल्यों और परंपराओं का सम्मान करेंगे, तो निश्चित रूप से विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर होंगे। वरिष्ठ नागरिकों के प्रति कृतज्ञता और आदर की भावना ही समाज की खुशहाली की सच्ची राह है।

## उपार्जित धान के परिवहन की व्यवस्था कराने के निर्देश

### कलेक्टर ने धान उपार्जन की समीक्षा की

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने धान उपार्जन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि मिलर्स से अनुबंध कर कार्ययोजना बनाते हुए उपार्जित धान के परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि जिन उपार्जन केन्द्रों एवं बोरे में धान की कम भराव की शिकायतें हों वहां संबंधित अधिकारी तत्काल भ्रमण करें तथा निराकरण करायें। कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों के संचालन की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिये किय जिन खरीदी केन्द्रों में उपार्जन कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है वहां उपार्जन कार्य तत्काल प्रारंभ करायें। उन्होंने करहिया मंडी में उपार्जन के लिये जिससे अनावश्यक बढ़ने वाली भीड़ को कम करने की व्यवस्था बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान बताया गया कि सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में वारदानें उपलब्ध है तथा स्टाक में भी पर्याप्त वारदानों की उपलब्धता है। बैठक में आयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय सहित उपार्जन कार्य में संलग्न विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# "हम होंगे कामयाब अभियान' कार्यक्रम का हुआ समापन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन के उद्देश्य से 25 नवम्बर से संचालित "हम होंगे कामयाब अभियान' कार्यक्रम का समापन नगर निगम टाउन हाल में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवड़े रहे। गत 15 दिन से पूरे जिले में महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा को रोकने के लिए विभिन्न कानून जैसे घरेलू हिंसा अधिनियम बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पीसीपीएनडीटीएक्ट कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकने के लिए बनाये गये पाक्सो अधिनियम, साइबर अधिनियम वन स्टाप सेंटर, चाइल्ड लाइन, महिला हेल्पलाइन आदि के संबंध में



जानकारियाँ दी गई।

मुख्य अतिथि डॉ. सौरभ सोनवड़े ने कहा कि यह कार्यक्रम का समापन है लेकिन कार्यक्रम से जो सीख मिली है उसको जन-जन तक पहुंचना है, तभी ऐसे कार्यक्रमों की सार्थकता होगी। एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने कहा कि अपने आसमान का रंग स्वयं चुने और अपना रोल माडल स्वयं बनायें। कार्यक्रम में डॉ. शैलजा सोनी गाइनेकोलॉजिस्ट मेडिकल कॉलेज, एमके धौलपुरी जिला खेल अधिकारी, अनीश पाण्डेय, प्रतिभा पाण्डेय जिला कार्यक्रम अधिकारी, अभिमन्यु सिंह, प्रीति आडवाणी, रूपाली द्विवेदी सहायक आयुक्त कुलदीप सिंह, सुभाष, स्वाति वास्तव, राजराखन पटेल, श्लेषा शुक्ला, सुमित सिंह, चक्रपाणी मिश्रा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजराखन पटेल ने किया तथा आभार आशीष द्विवेदी सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास ने दिया।

# मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जनकल्याण पर्व में 14 दिसम्बर को मऊगंज आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव मऊगंज में आयोजित विशाल आमसभा में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करने के साथ छात्रवृत्ति, अक्षय पात्र तथा पोषण आहार का वितरण करेंगे। कलेक्ट्रेट मऊगंज सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर मऊगंज अजय वास्तव ने मुख्यमंत्री जी के दौरे की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी सुबह 11 बजे मऊगंज पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री जी समारोह स्थल में सिंगल क्लिक से निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा शिलान्यास करेंगे। इसमें मऊगंज जिला अस्पताल भवन तथा सीतापुर हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना का शिलान्यास भी किया



जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री जी शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। साथ ही जनकल्याण पर्व में मुख्यमंत्री जी पोषण आहार, अक्षय पात्र एवं छात्रवृत्ति का वितरण करेंगे। संबंधित अधिकारी निर्माण कार्यों के भूमिपूजन, लोकार्पण एवं हितग्राहियों के हितलाभ वितरण की तैयारी कर लें। हितग्राहियों की सूची 11 दिसम्बर तक प्रस्तुत कर दें। मुख्यमंत्री जी का मऊगंज जिले में पहली बार आगमन हो रहा है। समारोह में किसी भी तरह की कोर कसर न रहे। सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्व के अनुसार दौरे की तैयारियाँ तत्काल शुरू कर दें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि समारोह में 15 से 20 हजार व्यक्तियों के आगमन की संभावना है। इनके आवागमन, वाहनों की पार्किंग, पेयजल व्यवस्था तथा समारोह स्थल में बैठने की समुचित व्यवस्था करें। समारोह स्थल में आगंतुकों के बैठने के लिए सेक्टरवार व्यवस्था की गई है। प्रत्येक सेक्टर में व्यवस्थाएं बनाए रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारी और सेक्टर अधिकारी तैनात रहेंगे। कार्यपालन यंत्री पीएचई प्रत्येक सेक्टर में पेयजल व्यवस्था के लिए अधिकारी और कर्मचारी तैनात करें। समारोह स्थल में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंच व्यवस्था, प्रदर्शनी तथा समारोह स्थल की समस्त व्यवस्थाओं की नोडल अधिकारी होंगी। संबंधित विभाग के अधिकारी आकर्षक और भव्य प्रदर्शनी तैयार करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यक्रम स्थल में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाकर दवाओं का वितरण सुनिश्चित करें। इस शिविर में 70 साल से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की भी व्यवस्था करें। बैठक में कलेक्टर ने मंच व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था तथा समारोह से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सपना त्रिपाठी, एसडीएम मऊगंज बीके पाण्डेय, एसडीएम हनुमना कमलेश पुरी, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत संजय सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग मनोज द्विवेदी, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रत्येक पंचायत और नगरीय निकाय के वार्डों में आज से लगेंगे शिविर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रदेश में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान तथा 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व मनाया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है। अभियान 11 दिसम्बर से गीता जयंती से आरंभ होगा। इसका समापन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को होगा। अभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय के प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में भी यदि हितग्राही लाभ पाने से वंचित रह गए तो उन्हें 26 जनवरी को लाभान्वित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और शहरी क्षेत्र के लिए आयुक्त नगर निगम नोडल अधिकारी होंगे। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के शिविरों की तिथियाँ निर्धारित कर प्रिंट और सोशल मीडिया के माध्यम से उनका प्रचार-प्रसार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देश दिये हैं कि अधीनस्त ग्राम पंचायतों में अभियान से पूर्व कार्ययोजना बनाकर आयोजन सुनिश्चित करायें। साथ ही पांच ग्राम पंचायतों में रैली, रंगोली आदि कार्यक्रम का शुभारंभ कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिविर के लिए नोडल अधिकारी तथा अधिकारियों के दल तैनात होंगे। प्रत्येक दिन की गतिविधि तथा लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज होगी। विभाग अपनी योजनाओं का लाभ देने के लिए अलग से भी शिविर लगा सकते हैं। परिवहन विभाग स्कूल और महाविद्यालयों में शिविर लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएंगे। जनकल्याण अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों, विकासखण्डों, अधिकारियों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस में सम्मानित किया जाएगा। अभियान के दौरान 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक जन कल्याण पर्व मनाया जाएगा। इस अवधि में अलग-अलग विषयों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गीता जयंती 11 दिसम्बर को गीता पाठ का आयोजन होगा। अभियान के दौरान सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस दौरान लोकार्पण और भूमिपूजन के कार्य भी कराए जाएंगे। कलेक्टर ने जनपद पंचायतों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजन के निर्देश जनपद के सीईओ को दिये हैं। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान एवं पर्व के आयोजन की तैयारी बैठक जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों में संपन्न हुई। बैठक में जनपद के सीईओ ने शिविर के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों तथा उनके दल को कराये जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा संपूर्ण आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## गीता जयंती पर आज होगा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** गीता जयंती के उपलक्ष्य में "अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव" का आयोजन 11 दिसंबर को किया जायेगा। जिलें में आयुक्त नगर निगम को कार्यक्रम के सम्पूर्ण आयोजन हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम टाउन हाल में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम में इस्कॉन, ब्राम्ह्माकुमारी संस्थान एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा प्रस्तुतियाँ दी जायेंगी।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने गीता महोत्सव आयोजन के संबंध में निर्देश दिये हैं कि जिला मुख्यालय में "अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव" का जिला स्तरीय आयोजन किया जाय। जिसमें श्रीकृष्ण पंरपरा के आचार्यो, साधु-संतो व विद्वतजनों की संन्निधि में विश्व गीता प्रतिष्ठानम के सहयोग से श्रीमद भागवत गीता के कर्म योग अध्याय (11,12, तथा 15) का सस्वर पाठ कराया जायेगा। कार्यक्रम स्थल में श्रीमदभागवत पुराण तथा गौ और गोपाल आधारित चित्रों की वृहद प्रदर्शनी लगाई जायेगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों, श्रीमदगीता-संवाद, जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जावेगें। जिला स्तरीय कार्यक्रम में श्रीकृष्ण परंपरा पर आधारित बच्चों व कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

गीता जयंती के अवसर पर 11 दिसंबर को जिलें के सभी शासकीय एवं अशासकीय श्री कृष्ण मंदिरो, न्यास, गोपालक संस्थाएँ (गौशालाओं) में सामाजिक व स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से साफ-सफाई, श्रृंगार, रोशनी एवं पूजन के कार्यक्रम आयोजित किये जावेगें। जिले के विश्वविद्यालय, समस्त महाविद्यालयों, हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में संतो/विद्वतजनों को आमंत्रित करते हुए गीता के महत्व व व्यावहारिक जीवन पर केन्द्रित व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिये गये है।

युवाओं तथा स्कूल, कालेज के विदयार्थियों को आवश्यक रूप से जोड़ने व कार्यक्रम में अधिकाधिक जन भागीदारी सुनिश्चित कराने की भी बात कलेक्टर ने कही है। कार्यक्रम में स्वामी गोविन्द देव गिरी जी द्वारा अनुप्रेरित गीता परिवार द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं महाविदयालयीन छात्रों के उपयोगार्थ एक वीडियो का प्रसारण विद्यालयों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में करवाया जायेगा ताकि आगामी पीढ़ी तक गीता के महत्व एवं दैनंदिनी जीवन में उपयोग पर चर्चा हो सके। केन्द्रीय कारागार रीवा में गीता जयंती के अवसर पर श्रीमद-भागवत गीता पाठ का आयोजन होगा।

## रोजगार मेले में 7 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** स्थानीय शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा में 16 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 7 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 8000 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमि. पुणे, महाराष्ट्र, एन.ए.पी.एस. कंपनी-सीरम हडपसर पुणे, बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा. लि. (आईसेक्ट) इंदौर, ग्रोफास्ट एग्रिटेक प्रा. लि. जबलपुर, प्रगतिशील बायोटेक रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा तथा एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## सामान्य सभा की बैठक 13 दिसम्बर को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 13 दिसम्बर को अपरान्ह 2 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में विभिन्न विषयों की समीक्षा की जाएगी।

### सीधी और सिंगरौली सीमा पर अवैध रेत उत्खनन का मामला

# कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने की जांच, 12 वाहन जब्त





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी और सिंगरौली जिलों की सीमा पर स्थित गोपद नदी में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थी। इस मामले में कार्रवाई के लिए सीधी कलेक्टर के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। सोमवार और मंगलवार को एसडीएम ने सड़कों पर उतरकर जांच अभियान चलाया, जिसमें 12 वाहनों पर कार्रवाई की गई।

**सोमवार को 10 वाहन जब्त, मंगलवार को 2 और पकड़ाए:** जांच के दौरान सभी वाहनों के दस्तावेजों की गहन जांच की गई। इनमें से 11 वाहनों में ओवरलोडिंग पाई गई, जिन पर कार्रवाई की गई। एक वाहन अवैध रेत उत्खनन और बिना ट्रांजिट पास (टीपी) के परिवहन करते हुए पकड़ा गया। सभी वाहनों को टिकरी चौकी के अधीन सुपुर्द कर दिया गया है।

**कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई:** उपखंड अधिकारी (एसडीएम) मझौली, आरपी त्रिपाठी ने बताया कि यह कार्रवाई तहसील मड़वास के टिकरी-सीधी मुख्य मार्ग पर की गई। आकस्मिक जांच के दौरान ओवरलोड और बिना टी.पी. के रेत परिवहन करते हुए सभी वाहनों को पकड़ा गया। मौके पर ही पंचनामा, अभिग्रहण पत्रक और सुपुर्दगी नामे तैयार किए गए। सभी वाहनों को पुलिस सहायता केंद्र टिकरी की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है।

## एचआईवी रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एडीआर सेंटर भवन सीधी में किया गया




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में 10 को एचआईवी रोकथाम के लिए एडीआर भवन सीधी में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी वीरेन्द्र जोशी की अध्यक्षता में जिला एड्स नियंत्रण समिति व ग्राम सुधार समिति के समन्वय से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र जोशी ने एड्स के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया तथा यह भी बताया कि समय-समय पर एच.आई.वी. की जांच सेहत के लिए कराना चाहिए। जरीना बेगम ने एचआईवी के लक्षण, एचआईवी होने के कारण एवं एचआईवी से बचाव के बारे में बताया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसल देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद श्रीवास्तव, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिलस सत्यप्रकाश पाण्डेय, देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, ऋषभ सिंह, जिला चिकित्सालय सीधी के ओएसटी काउन्सलर इंदल सिंह, एआरटी काउन्सलर तुलसा ठाकुर, आईसीटीसी काउंसलर जरीना बेगम एवं संतोष तिवारी, एसएसके परियोजना प्रबंधक वेदान्ती प्रसाद मिश्रा एवं सीमा सिंह, फूलकली तिवारी, पूनम सिंह, गीता साकेत, विजय साकेत एंव विद्वान अधिवक्ता रामभजन गुप्ता, विजयचन्द्र मिश्रा, सतीश उरमलिया, अमरेन्द्र सिंह तथा अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वेदान्ती प्रसाद मिश्रा ने किया तथा मीरा गौतम परियोजना प्रबंधक ने समस्त अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक

## मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में प्रत्येक पंचायत और नगरीय निकाय के वार्डों में लगेंगे शिविर

### कलेक्टर ने आदेश जारी कर नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओ में शत-प्रतिशत सैचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं को प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक आयोजित किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर उक्त अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्र के लिए जिला नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। जारी आदेशानुसार ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को नोडल अधिकारी एवं संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र के लिए अपर कलेक्टर जिला सीधी को नोडल अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण सीधी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अभियान अंतर्गत चिन्हित हितग्राहियों की पोर्टल पर इन्ट्री की मॉनीटरिंग हेतु ग्रामीण क्षेत्र के लिए प्रभारी अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी तथा नगरीय क्षेत्र के लिए परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण सीधी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शहरी क्षेत्रों में संबंधित निकाय के मुख्य नगरपालिका अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे।

ग्राम पंचायत स्तरीय कलस्टर के लिए संबंधित उपयंत्री को सेक्टर अधिकारी एवं नगरीय निकाय स्तरीय कलस्टर के लिए सहायक यंत्री, उपयंत्री, राजस्व निरीक्षक (01 सेक्टर जिसमें 05 वार्ड होंगे) को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत स्तर के लिए सभी क्लस्टरों की मॉनीटरिंग संबंधित सहायक यंत्री, नगरीय निकायों के सभी क्लस्टरों की मॉनीटरिंग संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी करेगे। ऐसे आवेदन जिनकी स्वीकृति ब्लॉक या जिला स्तर निकाय स्तर से होना है, उनके निराकरण की जिम्मेदारी सेक्टर अधिकारी की होगी। नगरीय निकाय के लिए शिविर प्रभारी संबंधित नगरीय निकाय का वार्ड प्रभारी एवं ग्राम पंचायत के लिए सचिव ग्राम पंचायत शिविर प्रभारी होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में हितग्राहियों से डोर टू-डोर संपर्क कर आवेदन प्राप्त करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर एक संपर्क दल रहेगा, जिसमें संबंधित पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी, एमपीडब्ल्यू, ए.एन.एम, ग्राम रोजगार सहायक, ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका, आशा कार्यकर्ता रहेगे। नगरीय निकायों के संपर्क दल संबंधित निकाय के सहायक राजस्व निरीक्षक, पटवारी, ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका, आशा कार्यकर्ता रहेगे, जो मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत उल्लेखित सेवाओं हेतु पात्र हितग्राहियों का शतप्रतिशत चिन्हांकन कर पोर्टल पर प्रतिदिन इन्ट्री कराना सुनिश्चित करेंगे। संपर्क दल द्वारा धरती आबा योजना अंतर्गत लक्षित हितग्राहियों/परिवारो का गैप आईडेंटिफिक्रेशन का कार्य किया जाकर नोडल अधिकारी को सौंपा जावेगा, जिसके आधार पर जिले की कार्ययोजना तैयार की जावेगी।

अभियान हेतु प्रमुख विभाग के जिला प्रमुख/संपर्क अधिकारी चिन्हांकित हितग्राहियों की मॉनीटरिंग करते हुए उनकी पात्रता का परीक्षण करायेगें एवं पात्रता उपरांत संबंधित हितग्राही को योजना से लाभाविन्त कराना सुनिश्चित करेगें। महिला एवं बाल विकास से आर.सी. त्रिपाठी, राजस्व मुनीद्र तिवारी, वृत्त बृजेश श्रीवास्तव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा डॉ सुनीता तिवारी, जनजातीय कार्य विभाग डीके द्विवेदी, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग सूरज सिंह, श्रम इन्द्रजीत सिंह, नगरीय विकास एवं आवास मिनी अग्रवाल, पशुपालन एवं डेरी एस.के. सिंह, सहकारिता दीप्ती वनवासी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रभुशंकर शुक्ला, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम श्रद्धा किनकर, किसान कल्याण तथा कृषि विकास संजय श्रीवास्तव, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंगल सिंह, ऊर्जा रवि गुप्ता, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार एके तिवारी, परिवहन आशुतोष भदौरिया, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी केडी साकेत, सामान्य प्रशासन प्रशांत त्रिपाठी एवं उच्च शिक्षा पी.के. सिंह जिला संपर्क अधिकारी होंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा संपर्क दल के सदस्यों को संचालन तथा पोर्टल पर इन्ट्री का प्रशिक्षण, ऑनलाइन फीडिंग कार्य हेतु जिला स्तर पर जिला प्रबंधक ई-गर्वनेंस सीधी एवं ब्लाक स्तर पर सहायक प्रबंधक ई-गर्वनेन्स नोडल अधिकारी होगे।

### नुकसान का आकलन करने पहुंचे सिहावल विधायक



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के विधानसभा क्षेत्र सिहावल के ग्राम धोबौंही में सच्चिदानंद शुक्ला के घर में सोमवार को लगी आग के बाद मंगलवार को दोपहर सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक पहुंचे। जहां उन्होंने तुरंत सहायता राशि उपलब्ध कराई। इसके अलावा उन्हें ठंड से बचने के लिए कपड़े कंबल सहित अन्य सामग्री भी उपलब्ध कराई हैं।

इसके अलावा उन्होंने घर में आग लगने का निरीक्षण किया है। राजस्व विभाग का अमला भी उनके साथ मौजूद रहा है। जहां एसडीएम, तहसीलदार और क्षेत्र के पटवारी ने मिलकर घटनास्थल पर उनके नुकसान का सर्वे किया और उचित मुआवजे की राशि के लिए विधायक ने उन्हें निर्देशित किया है।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए की गई सार्थक पहल

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के सफल क्रियांवयन एवं योजनाओं का लाभ शासन की निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने की दिशा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंशुमन राज द्वारा लगातार सार्थक कदम उठाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण किये जाने के उद्देश्य से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, अति-कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, ब्लाक समन्वयक प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, ब्लाक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन के लिए साप्ताहिक भ्रमण हेतु दिन निर्धारित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि निर्धारित दिन को योजनान्तर्गत प्राथमिकता के कार्य, शिकायतों का निराकरण एवं अन्य कार्यो का संपादन करेंगें। प्रभारी अधिकारी मनरेगा जिला पंचायत सीधी अशोक शुक्ला द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार मनरेगा योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए क्षेत्र भ्रमण करते हुए पूर्व वर्षो के प्रगतिरत कार्यो को पूर्ण कराने, लेबर नियोजन में प्रगति लाने तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक लेबर बजट व कार्य योजना शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में तैयार करने के निर्देश दिये गये।

मंगलवार 10 दिसंबर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को इस सप्ताह के लिए लक्ष्य प्रदान किया गया है जिसके अंतर्गत सभी अति.कार्य. अधिकारी मनरेगा एवं उपयंत्री अपनी जनपद के बैगा परिवार वाले 2 गांवो का सर्वे करते हुए उन परिवारों की समस्याओं तथा आवश्यकताओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करेंगें, साथ ही उनकी आवश्यकताओं के अनुसार नवीन कार्यो के लिए प्लानिंग करते हुए स्थल निरीक्षण करेंगें। सर्वे के दौरान यह सुनिश्चित किया जावे कि कोई भी बैगा परिवार मनरेगा जाबकार्ड के बिना न रहे। जिन बैगा परिवारों के जाबकार्ड नहीं बने हों, उनके नियमानुसार जाबकार्ड बनाये जाये। किसी भी परिस्थिति में किसी श्रमिक की मजदूरी किसी अन्य के खाते में न भेजी जावे। इसी कड़ी में ब्लाक समन्वयक प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को जनपद की जनमन आवास वाली 2 टॉप ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने तथा मजदूरी भुगतान की समीक्षा करने के निर्देश दिये गये। ब्लाक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन को आई,च,ल की प्रगति लाने तथा निर्मित सार्वजनिक स्वच्छता परिसरों के संचालन हेतु कार्य करने के निर्देश दिये गये। उपरोक्त सभी अधिकारी अपने भ्रमण की प्रगति अपनी जनपद के मुख्यकार्यपालन अधिकारी को प्रस्तुत करेंगें तथा मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत परीक्षण उपरांत जिला पंचायत को उपलब्ध करायेंगें।

## जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत ने सुनी 120 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 120 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

### शासकीय प्राथमिक विद्यालय अमरही में जमकर अनियमितता

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिले के विकासखंड सिहावल क्षेत्र के बहरी तहसील अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहरी संकुल के शासकीय प्राथमिक विद्यालय अमरही का जहां पर आपको बता दे कि विद्यालय में जमकर अनियमितता देखने को मिल रही है मंगलवार के दिन यह देखा गया कि 10:42 एएम पर विद्यालय में ताला लटका था लेकिन शिक्षक कोई भी दिखाई नहीं दे रहे थे।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक विद्यालय में दो शिक्षक पदस्थ हैं । ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है की पढ़ाई की स्थिति क्या होगी अब देखना होगा कि अधिकारियों के द्वारा क्या उक्त मामले पर जांच की जाती है या नहीं यह तो देखने वाली बात होगी।

### देवर-देवरानी ने अपनी भाभी को पीटा, सिर पर मारा डंडा

## घरेलू विवाद में किया हमला, गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के करुई खाड़ गांव में घरेलू विवाद के चलते देवर-देवरानी ने अपनी ही भाभी पर हमला कर दिया। उसे डंडे से जमकर पीटा। महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हुई।

गांव में सुबह करीब 11 बजे राधा विश्वकर्मा घर पर काम कर रही थी, तभी उसका देवर मुन्ना विश्वकर्मा और उसकी पत्नी शालू विश्वकर्मा ने हमला कर दिया। दोनों ने राधा के सिर पर डंडे से वार किया, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। परिवार के अन्य लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कमर्जी थाना प्रभारी पवन सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से काउंटर मामला दर्ज कर लिया गया है। मारपीट समेत गाली गलौज और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के औपचारिक पहचान एवं चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर 13 से

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला परियोजना समन्वयक ने जानकारी देकर बताया है कि भारत सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली एवं संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के औपचारिक पहचान एवं चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उक्त शिविर 13 से 18 तक कुल 5 दिवसीय प्रत्येक विकासखण्डों में आयोजित किया जाना है। इस शिविर में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिमको) जबलपुर के द्वारा बच्चों का चिन्हांकन कर उपकरण प्रदाय करने हेतु चिन्हित किया जावेगा। चिन्हित बच्चों को दो माह बाद उपकरण जैसे (ट्राईसायकिल, व्हील चेयर, बैशाखी, हियरिंगएड, ब्रेल किट, एम.आर. किट एवं अन्य आवश्यक उपकरण) वितरण शिविर आयोजित कर किया जावेगा। चिन्हांकन शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड सभी 5 विकासखण्डों में उपस्थित होकर 6 से 14 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों का परीक्षण कर मेडिकल प्रमाण पत्र तैयार कर स्थल पर ही वितरण किया जावेगा। उक्त शिविर में हितग्राहियों को अपना स्कूल का प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की फोटो कापी एवं यूडी.आई.डी. कार्ड/मेडिकल प्रमाण पत्र तथा दो फोटो के साथ शिविर में उपस्थित होना होगा ताकि स्थल पर ही बच्चों को चिकित्सीय मूल्यांकन में उपकरण हेतु चिन्हांकन कर मेडिकल प्रमाण पत्र हेतु आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर हितग्राही बच्चों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। उक्त शिविर की समय सीमा सुबह 10 से सायं 5 बजे तक होगी।

उन्होने बताया कि 13 दिसंबर को विकासखण्ड मझौली के शासकीय माध्यमिक शाला डोकरवंधा में, 14 दिसंबर को कुसमी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टमसार में, 16 दिसंबर को रामपुर नैकिन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक चुरहट में, 17 दिसंबर को सिहावल के जनपद पंचायत सभागार कक्ष सिहावल में एवं 18 दिसंबर को सीधी के शासकीय कन्या हाई स्कूल माडल बेसिक सीधी में शिविर आयोजित की गई है।

# कुचवाही संकुल स्तरीय संगठन द्वारा जेंडर कैंपेन नई चेतना 3.0 अंतर्गत किया गया आजीविका गतिविधियों का आयोजन







**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन तथा जिला जेंडर नोडल युवा सलाहकार हरी राम त्रिपाठी, जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त अजय कुमार सिंह, सहायक जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा, विकासखंड नोडल प्रभारी जिला प्रबंधक कृषि विजय गिरी गोस्वामी के सहयोग से नई चेतना जेण्डर आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान 3.0 के तहत नवसृजन सीएलएफ कुचवाही में जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन हेतु गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अभियान में रंगोली, जेंडर शपथ, बेटा-बेटी में भेद भाव को खत्म करने एवं बाल्य मजदूरी, दहेज प्रथा जैसे मुद्दों पर चर्चा कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। साथ ही नई चेतना अभियान के तहत संवाद एवं शपथ कार्यक्रम में (प्रभारी विकासखंड प्रबंधक सिहावल अखिलेश त्रिपाठी एवं सहायक विकासखंड प्रबन्धक विनोद कुशवाहा, कुचवाही ग्राम पंचायत सचिव रत्नेश पाण्डेय उपस्थित रहे।

म. प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला जेंडर नोडल हरि राम त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि वास्तव में जेंडर अभियान नई चेतना 3.0 पहल समाज में बहुत अच्छा बदलाव लाने का एक अवसर है जिससे हमारे समाज में बच्चे, बूढ़े, एवं महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने का एक अच्छा अवसर है। इन गतिविधियों के माध्यम से हम अपने घर के साथ-साथ अपने समाज को भी सजग करने का कार्य कर रहे हैं जिसका असर हम हिंसा से बचकर एक अच्छे घर और समाज का विकास कर सकेंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के संदेश का प्रचार-प्रसार महिलाओं के बीच किया जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान नवसृजन सीएलएफ अध्यक्ष नगीना वर्मा, उर्मिला सिंह गहरवार द्वारा जेंडर शपथ दिलाते हुए पूरे अभियान को सफल बनाए जाने हेतु समूह सदस्यों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान रोशनी गुप्ता, ललिता गुप्ता, रश्मि गुप्ता, प्रीति सिंह, संगीता मिश्रा, ललिता मिश्रा, अरुणा सिंह, सुधा तिवारी, पूजा विश्वकर्मा, सुधा साहू एवं समूह सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम को संपन्न कराया गया।

## महिला सशक्त वाहिनी कक्षा का संचालन 14 दिसंबर से

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने जानकारी देकर बताया है कि सीधी जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत पुलिस भर्ती में चयन हेतु महिला सशक्त वाहिनी कक्षा का संचालन कर लिखित एवं पुलिस विभाग की आधारभूत संरचना का उपयोग करते हुये कमांडेट होमगार्ड द्वारा शारीरिक प्रवीणता की तैयारी हेतु युवतियों एवं बालिकाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिये जाने हेतु सीधी जिले की कुल 56 बालिकायें द्वारा 23 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक (कार्यालयीन कार्य दिवसों में) कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला सीधी में आवेदन प्रारूप जमा किया गया है।

# विचार

## साख बचाने के लिए एकनाथ शिंदे ने लिया वक्त

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लाडले और नागपुर से ही आने वाले देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश और असम के मुख्यमंत्री सहित एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर फडणवीस ने इस तथ्य को अब पूरी तरह से स्थापित कर दिया है कि भाजपा राज्य में बड़े भाई की भूमिका में ही रहेगी। लेकिन इस सबके बीच शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के रूठने-मनाने के खेल को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे है। अब यह पूछा जा रहा है कि क्या वाकई एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने से इतने नाराज हो गए थे कि बैठक छोड़कर अपने गांव चले गए ? महाराष्ट्र विधानसभा के नंबर और भाजपा के सीटों की संख्या पता होने के बावजूद क्या वाकई शिंदे यह मान कर चल रहे थे कि भाजपा पिछली बार की तरह इस बार भी उन्हें मुख्यमंत्री बना देगी ? या इसके पीछे कहानी कुछ और ही है ? दरअसल, नाराजगी का यह प्रदर्शन करना एकनाथ शिंदे की चाहत और इच्छा से कहीं ज्यादा उनकी मजबूरी बन गई थी। दरअसल, शिवसेना को तोड़ कर भाजपा के साथ आते समय एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर इसी तरह के आरोप लगाए थे कि वह दिल्ली दरबार के आगे झुक गए हैं और बालासाहेब ठाकरे की विरासत का अपमान कर रहे हैं। लेकिन इस बार वही स्थिति शिंदे साहब की खुद की बन गई थी। महाराष्ट्र की जनता में और खासकर शिवसैनिकों में यह संदेश जा रहा था कि एकनाथ शिंदे भी दिल्ली दरबार के आगे झुक गए हैं, बालासाहेब ठाकरे की विरासत का अपमान कर रहे हैं और उद्धव ठाकरे की तरह ही अपने बेटे को आगे कर परिवारवाद की राजनीति कर रहे हैं। एकनाथ शिंदे को इस बात का भी अहसास बखूबी हो गया था कि अगर यह बात महाराष्ट्र की जनता और शिवसैनिकों के मन में घर कर गई तो उनकी पार्टी टूट भी सकती है। विधानसभा चुनाव में बुरी तरह से हारने के बाद उद्धव ठाकरे इसी तरह के मौके की तलाश में है। शिवसेना को बचाने और अपने साख की रक्षा करने के लिए एकनाथ शिंदे ने नाराजगी वाले भारतीय राजनीति के उसी पुराने दांव को एक बार फिर से खेल दिया। इससे जनता में यह संदेश भी चला गया कि एकनाथ शिंदे ने बहादुरी के साथ दिल्ली दरबार से लड़ाई की, दिलेरी के साथ अमित शाह के सामने अपनी शर्तें रखी लेकिन शिवसैनिकों के मनाने के बाद महाराष्ट्र की जनता के हित मे बड़ा त्याग करते हुए मुख्यमंत्री की बजाय उपमुख्यमंत्री बनना स्वीकार कर लिया।

# ब्याज दरों में अब कमी होनी ही चाहिए

**प्रह्लाद सबनानी।**

**भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने अपने वर्तमान कार्यकाल का अंतिम मुद्रा नीति वक्तव्य (मोनेटरी पॉलिसी स्टेट्मेंट) दिनांक 06 दिसबर 2024 को प्रातः 10 बजे जारी किया है। इस मुद्रा नीति वक्तव्य में रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करते हुए इसे पिछले 22 माह से (अर्थात 11 मुद्रा नीति वक्तव्यों से) 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। यह संभवतः भारतीय रिजर्व बैंक के इतिहास में सबसे अधिक समय तक स्थिर रहने वाली रेपो दर है। इस बढ़ी हुई रेपो दर का भारत के आर्थिक विकास पर अब विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है योंकि विाीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर घटकर 5.4 प्रतिशत तक नीचे आ गई है।**




भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रत्येक दो माह के अंतराल पर मुद्रा नीति वक्तव्य जारी किया जाता है, परंतु पिछले 11 मुद्रा नीति वक्तव्यों में रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। जबकि, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर कुछ समय तक तो लगातार 6 प्रतिशत के सहनीय स्तर से नीचे बनी रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित औसत मुद्रा स्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया है। इसका आशय यह है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर संभवत- वित्तीय वर्ष 2024-25 की तृतीय तिमाही में भी अधिक बनी रह सकती है। इसके पीछे खाद्य पदार्थों (विशेष रूप से फल एवं सब्जियों) की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि, एक मुख्य कारण जिम्मेदार हो सकता है। परंतु, क्या ब्याज दरों में वृद्धि कर खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित किया जा सकता है? उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर को आंकने में खाद्य पदार्थों का भार लगभग 40 प्रतिशत है। यदि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति में से खाद्य पदार्थों के भार को अलग कर दिया जाय तो यह आंकलन बनता है कि कोर पदार्थों की मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में बनी हुई है। खाद्य पदार्थों की कीमतों को बाजार में फलों एवं सब्जियों की आपूर्ति बढ़ाकर ही नियंत्रित किया जा सकता है, न कि ब्याज दरों में वृद्धि कर। इस वर्ष मानसून का पूरे देश में विस्तार ठीक तरह से नहीं रहा है, कुछ क्षेत्रों में बारिश की मात्रा अत्यधिक रही है एवं कुछ क्षेत्रों बारिश की मात्रा बहुत कम रही है, जिसका प्रभाव खाद्य पदार्थों की उत्पादकता पर भी विपरीत रूप से पड़ा है, जिससे अंततः खाद्य पदार्थों की कीमतों में उच्छाल देखा गया है।

बाद के समय में, अच्छे मानसून के पश्चात भारत में आने वाली रबी मौसम की फसल बहुत अच्छी मात्रा में आने की सम्भावना है क्योंकि न केवल फसल के कुल रकबे में वृद्धि दर्ज हुई है बल्कि पानी की पर्याप्त उपलब्धता के चलते फसल की उत्पादकता में भी वृद्धि होने की पर्याप्त सम्भावना है। इन कारकों के चलते आगे आने वाले समय में खाद्य पदार्थों की एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर निश्चित ही नियंत्रण के रहने की सम्भावना है। इससे, निश्चित ही रेपो दर को कम करने की स्थिति निर्मित होती हुई दिखाई दे रही है। साथ ही, अमेरिका सहित यूरोप के विभिन्न देशों में भी ब्याज दरों को लगातार कम करने का चक्र प्रारम्भ हो चुका है, जिसका प्रभाव विश्व के अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा।

दूसरी ओर, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। क्योंकि, यह वृद्धि दर द्वितीय तिमाही में घटकर 5.4 प्रतिशत की रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के कम रहने के कई विशेष कारण रहे हैं। देश में लोकसभा चुनाव के चलते केंद्र सरकार को अपने पूंजीगत खर्चों एवं सामान्य खर्चों में भारी कमी करना पड़ी थी। इसके बाद विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनावों के चलते इन राज्यों द्वारा किए जाने वाले सामान्य खर्चों में अतुलनीय कमी की गई थी। जिससे अंततः नागरिकों के हाथों में खर्च करने लायक राशि में भारी कमी हो गई। दूसरे, इस वर्ष भारत में मानसून भी अनियंत्रित सा रहा है जिससे कृषि क्षेत्र में उत्पादन प्रभावित हुआ एवं ग्रामीण इलाकों में नागरिकों की आय में कमी हो गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों में अस्थिरता बनी रही, जिसके कारण भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात प्रभावित हुए। इस अवधि में विनिर्माण के क्षेत्र एवं माइनिंग के क्षेत्र में उत्पादन भी तुलनात्मक रूप से कम रहा। उक्त कारकों के चलते भारत में वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर बहुत कम रही है। इस द्वितीय तिमाही में विभिन्न कम्पनियों के वित्तीय परिणाम भी बहुत उत्साहजनक नहीं रहे हैं। इनकी लाभप्रदता में आच्छानुरूप वृद्धि दर्ज नहीं हुई है। कम्पनियों के वित्तीय परिणाम उत्साहजनक नहीं रहने के चलते विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से सितम्बर, अक्टोबर एवं नवम्बर माह में 1.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि निकाली है। जिससे भारतीय शेयर बाजार के निफ्टी सूचकांक में 3000 से अधिक अंकों की गिरावट दर्ज हुई है, निफ्टी सूचकांक अपने उच्चत्तम स्तर 26,400 से गिरकर 23,200 अंकों तक नीचे आ गया था। हालांकि अब यह पुनः बढ़कर 24,700 अंकों पर आ गया है और विदेशी संस्थागत निवेशकों ने एक बार पुनः भारतीय शेयर बाजार पर अपना भरोसा जताते हुए अपने निवेश में वृद्धि करना शुरू कर दिया है।

अब देश में कुछ महत्वपूर्ण राज्यों में विधान सभा चुनावों एवं लोक सभा चुनाव के सम्पन्न होने के बाद केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा अपने पूंजीगत खर्चों एवं सामान्य खर्चों में वृद्धि की जाएगी। साथ ही, भारत में त्यौहारी मौसम एवं शादियों के मौसम में भारतीय नागरिकों के खर्चों में अपार वृद्धि होने की सम्भावना है। त्यौहारी एवं शादियों का मौसम भी नवम्बर एवं दिसम्बर 2024 माह में प्रारम्भ हो चुका है। एक अनुमान के अनुसार नवम्बर माह में मनाए गए दीपावली एवं अन्य त्यौहारों पर भारतीय नागरिकों ने लगभग 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का व्यय किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के जनवरी 2025 माह (13 जनवरी) में प्रयागराज में कुंभ मेला भी प्रारम्भ होने जा रहा है जो फरवरी 2025 माह (26 फरवरी) तक चलेगा। यह कुम्भ मेला प्रत्येक 12 वर्षों में एक बार प्रयागराज में लगता है। एक अनुमान के अनुसार इस कुम्भ मेले में प्रतिदिन एक करोड़ नागरिक पहुंच सकते हैं। इससे देश में धार्मिक पर्यटन में भी अपार वृद्धि होगी। उक्त सभी कारणों के चलते, भारत में उपभोक्ता खर्च में भारी भरकम वृद्धि दर्ज होगी जो अंततः सकल घरेलू उत्पाद में पर्याप्त वृद्धि को दर्ज करने के सहायक होगी। साथ ही, अक्टोबर 2024 माह में भारत से विविध उत्पादों एवं सेवा क्षेत्र के निर्यात में भी बहुत अच्छी वृद्धि दर दर्ज हुई है। इससे अंततः भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 7 प्रतिशत से ऊपर बने रहने की प्रबल सम्भावना बनती नजर आ रही है।

साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक ने नकदी रिजर्व अनुपात में 50 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 4.5 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया है। इससे 1.16 लाख करोड़ रुपए की राशि भारतीय रिजर्व बैंक से बैकों को प्राप्त होगी एवं इस राशि से बैंकिंग क्षेत्र में तरलता में सुधार होगा एवं बैंकों की कर्ज देने की क्षमता में भी वृद्धि होगी। अधिक ऋ़णराशि की उपलब्धता से व्यापार एवं उद्योग की गतिविधियों को बल मिलेगा जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि करने में सहायक होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिकी डॉलर के लगातार मजबूत होने से बाजार में रुपए की कीमत लगातार गिर रही है और रुपए की कीमतों को नियंत्रण में रखने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक को बाजार में डॉलर की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु अमेरिकी डॉलर को बेचना पड़ रहा है। जिससे, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 70,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के उच्चत्तम स्तर से नीचे गिरकर 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के निचले स्तर पर आ गए हैं। साथ ही, रुपए की कीमत गिरकर 84.63 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर आ गई है। अतः यदि देश में व्यापारिक गतिविधियों में सुधार होता है एवं सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर्ज होती है तो विदेशी निवेश भी भारत में पुनः वृद्धि दर्ज करेगा एवं विदेशी मुद्रा भंडार भी अपने पुराने उच्चत्तम स्तर को प्राप्त कर सकेंगे।

# क्या 'ग्वादर पोर्ट' दूसरा 'हंबनटोटा' बन जाएगा

इतिहास की शुरूआत से ही ग्वादर एक मछली पकडने वाला गांव रहा है। आधुनिक बलूचिस्तान के दक्षिणी तट पर स्थित होने के कारण इसके निवासियों को स्थानीय रूप से पकड़ी गई मछलियों पर निर्भर रहना पड़ता था और पीने के पानी के लिए मौसमी वर्षा पर निर्भर रहना पड़ता था। 325 ईसा पूर्व में मकरान में अपनी वापसी के दौरान सिकंदर महान ने जिन जनजातियों का सामना किया था, उन्हें उनके इतिहासकार एरियन ने इचथियोफैगी या मछली खाने वाले के रूप में कुछ ऐसे वर्णित किया था ,'एक बालों वाली जाति, जिसके लंबे नाखून थे जिनसे वे अपनी मछलियां बांटते थे और वे आग से कठोर किए गए लकड़ी के भालों का इस्तेमाल हथियारों के रूप में करते थे'।

सिकंदर अपनी सेना के एक समूह को जमीन पर ले गया, जबकि उसका एडमिरल नेरचस बाकी लोगों को तट के किनारे नौकायन करने वाले जहाजों में ले लिया। स्काऊट्स द्वारा गुमराह किए गए सिकंदर ने अपना रास्ता खो दिया। अपने सैनिकों के साथ, उन्हें गर्मियों की गर्मी और पानी की कमी का सामना करना पड़ा। एक विवरण के अनुसार, जब सिकंदर को कीमती पानी से भरा एक कटोरा दिया गया, तो उसने इसे,अपने आदमियों के सामने रेत में डाल दिया, बजाय इसके कि जब वे पी न सकें तो पी लें'।

2,000 साल बाद भी मकरान में बहुत बदलाव नहीं आया है। 1896 में इसका सर्वेक्षण करते हुए, अंग्रेज भूगोलवेत्ता कर्नल टी.एच. होल्डिच ने सोचा कि 'किस तरह के पागलपन ने उन्हें ऐसा मार्ग चुनने के लिए प्रेरित किया होगा'। होल्डिच ने 'मछली खाने वालों' के वंशजों को पहचाना, और टिप्पणी की कि वे न केवल मछली खाते थे बल्कि 'मछली, कुत्तों, बिल्लियों, ऊंटों और मवेशियों के भोजन को भी खाने में शामिल करते थे'।

हालांकि इसके इतिहास ने अपरिवर्तित निरंतरता के अलावा कुछ भी नहीं दिया। मकरान के भूगोल ने 20वीं सदी की महाशक्तियों के लिए एक महत्व प्राप्त कर लिया। उनके लिए, अरब सागर एक पैडड्क्षलग पूल बन गया जिसमें वे अपनी नावें तैरा सकते थे और युद्ध के खेल खेल सकते थे। ग्वादर और ओरमारा के समुद्र तटों ने एक नया महत्व प्राप्त कर लिया। मार्च 1972 में, राष्ट्रपति के रूप में जुल्फिकार अली भुट्टो ने अमरीकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन को 'कराची के पास अरब सागर तट पर बंदरगाह और ट्रैकिंग स्टेशन की सुविधा' की पेशकश करते हुए एक प्रस्ताव भेजा। विदेश मंत्री डब्ल्यू. रोजर्स ने निक्सन को सलाह दी कि अमरीका 'ऐसी सुविधाओं की आवश्यकता की कल्पना नहीं करता है, लेकिन बंदरगाह विस्तार में किसी भी विशिष्ट प्रस्ताव के लिए खुला है'।

भुट्टो अपनी बात पर अड़े रहे। सितंबर 1973 में एक साल बाद निक्सन के साथ अपनी बैठक से पहले, हेनरी किसिंजर ने निक्सन को बताया कि बलूचिस्तान बंदरगाह की मांग करने में भुट्टो का मुख्य उद्देश्य संभवत- अधिक वाणिज्य और रोजगार लाने में मदद करना और उस पिछड़े, कम आबादी वाले, लंबे समय से अस्थिर, विपक्ष के वर्चस्व वाले प्रांत में अधिक समर्थन हासिल करना है। अपनी बैठक के दौरान, निक्सन ने भुट्टो से स्वीकार किया कि आपने जो (ग्वादर) बंदरगाह (पोर्ट) प्रस्ताव रखा, उसने मुझे आकृषत किया। हम आज इस पर कुछ भी निश्चित नहीं कह सकते डा. किसिंजर इस पर गौर करेंगे। अब तक, हमने



डिएगो गाृसया पर उस क्षेत्र में सब कुछ लगा दिया है। बंदरगाह तक पहुंच होना भी उपयोगी हो सकता है।

किसिंजर ने 2 सवाल जोड़े। पहला निर्माण है। दूसरा उपयोग का सवाल है। यह दूसरा सवाल तभी मुद्दा बनता है जब बंदरगाह अस्तित्व में आती है। तब भी, औपचारिक और अनौपचारिक उपयोग के बीच अंतर होता है। भुट्टो ने उन्हें आश्वस्त किया कि मैं नैतिक रूप से आश्वस्त हूं कि पाकिस्तानी हितों के संदर्भ में अमरीकी उपस्थिति उचित होगी। मैं यह नहीं कहता कि यह पाकिस्तान में कोई मुद्दा नहीं होगा, लेकिन मुझे विश्वास है कि मैं इसे संभाल सकता हूं।

ग्वादर के विकास ने चीनी प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई के दिमाग में गूंज पैदा की। कुछ महीने बाद बीजिंग में एक बैठक के दौरान, चाऊ एन लाई ने किसिंजर से कहा,''हम पाकिस्तान की सहायता करने और पाकिस्तान में एक नौसैनिक बंदरगाह बनाने के आपके बहुत पक्षधर होंगे।'' 50 साल बाद, स्थिति बदल गई है। चीन आगे बढ़ा है और ग्वादर को अपना बना लिया है, जिससे डिएगो गाृसया में अमरीका की पकड़ बनी हुई है। उम्मीदें यह हैं कि ग्वादर शेनझेन (चीन का पहला विशेष आर्थिक क्षेत्र और अब एक आृथक महाशक्ति) के साथ चीन की सफलता को दोहराएगा, यह बात झूठ साबित हुई है।

बलूच शिकायत करते हैं कि नौकरी के वादे पूरे नहीं हुए,औद्योगिक वादे पूरे नहीं हुए तथा पाकिस्तानियों के लिए व्यापार के अवसर पूरे नहीं हुए। वादा किए गए 9 विशेष आृथक क्षेत्रों में से एक भी आज तक पूरी तरह से काम नहीं कर रहा है। ग्वादर में स्थानीय लोगों को बहुत कम लाभ हुआ है। इससे भी बदतर, उन्हें अपनी मछलियों के लिए लूटपाट करने वाले चीनी ट्रॉलरों से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ रही है। क्या ग्वादर विफल हो सकता है और एक और हंबनटोटा बन सकता है। श्रीलंका में चीन द्वारा वित्तपोषित बंदरगाह भारी कर्ज के बोझ तले डूब रही है? माओ जेडोंग ने एक बार कहा था,''सफलता के लिए आपको अपने पैरों पर खड़ा होना पड़ता है।''

उधार की बैसाखियों पर सफल होने की कोशिश करने के बारे में वे चुप थे। उन्होंने दूसरों से सीखने के बारे में भी सलाह दी और कहा,''एक है सब कुछ प्रत्यारोपित करने का हठधर्मी रवैया, चाहे वह हमारी परिस्थितियों के अनुकूल हो या न हो। दूसरा रवैया है अपने दिमाग का इस्तेमाल करना और उन चीजों को सीखना जो हमारी परिस्थितियों के अनुकूल हों, यानी जो भी अनुभव हमारे लिए उपयोगी हो उसे आत्मसात करना।'' यही रवैया उनके लोगों ने अपनाया।

# सनकी बॉयफ्रेंड ने किया डबल-मर्डर

## शादीशुदा औरत से था अफेयर, संबंध बनाते पति ने देखा तो उसके साथ प्रेमिका को भी मारा






**मीडिया ऑडीटर, कोरबा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक सनकी बॉयफ्रेंड ने अपने दोस्त के साथ मिलकर पति-पत्नी को मार डाला। आरोपी का शादीशुदा औरत से अफेयर था। बताया जा रहा है कि महिला के पति ने संबंध बनाते देख लिया था। इसके बाद आरोपी ने उसके पति के साथ महिला को भी मार दिया। मामला सर्वमंगला चौकी के भिखारी डेरा का है। मिली जानकारी के मुताबिक वासुदेव यादव (66 साल) और उसकी पत्नी शांता बाई (64) की हत्या की गई है। पुलिस ने महिला के बॉयफ्रेंड के दोस्त शेख रमजान अली (42 साल) को अरेस्ट कर लिया है। वहीं मुख्य आरोपी कमल सतनामी (38 साल) फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

**वासुदेव यादव के घर के पास पी रहे थे शराब:** दरअसल, ये वारदात 3 दिसंबर की है। कमल सतनामी, दोस्त शेख रमजान अली और महिला का पति वासुदेव यादव के घर से कुछ दूरी पर शराब पी रहे थे। इस दौरान जब महिला का पति वासुदेव यादव नशे में चूर हो गया तो उसे आता हूं कहकर कमल उसके घर चला गया।

**वासूदेव के सीने पर मारी लात:** कमल जब काफी देर तक वापस शराब पीने वाली जगह पर नहीं आया तो वासुदेव यादव भी अपने घर के लिए चला गया। इस दौरान उसने अपनी पत्नी के साथ कमल को संबंध बनाते देख लिया। कमल ने भंडा फूट जाने की डर से वासूदेव के सीने पर लात मारी। इससे वह गिर गया।

**लात-घूंसों से पीट-पीटकर मार डाला:** बॉयफ्रेंड ने पत्नी के सामने ही उसके पति को लात-घूंसों से पीट-पीटकर मार डाला। इससे महिला घबरा गई। वह बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगी, तभी कमल का दोस्त शेख रमजान अली मौके पर पहुंचा। दोनों दोस्त एक राय होकर महिला को भी मारने की साजिश रची।

**कमल ने अपनी गर्लफ्रेंड का गला घोंट दिया:** इस दौरान शेख रमजान अली महिला के पैरों को पकड़ा और कमल ने अपनी गर्लफ्रेंड का गला घोंट दिया। वारदात के बाद दोनों अपने-अपने घर चले गए। दूसरे दिन महिला का प्रेमी कमल सर्वमंगला पुलिस चौकी पहुंचा। उसने खुद पुलिस को यह जानकारी दी कि वासुदेव यादव और उसकी पत्नी की लाश पड़ी है।

**पूछताछ के बाद रमजान को पकड़ा:** जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मर्डर का खुलासा हुआ। पुलिस को सूचना देकर कमल उसी दौरान वहां से फरार हो गया था। अब पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने शक के आधार पर पहले पूछताछ के लिए कमल के दोस्त को पकड़ा।

**कोर्ट ने आरोपी को भेजा जेल:** इस दौरान शेख रमजान अली ने पुलिस को गुमराह किया, लेकिन कड़ाई से पूछताछ के बाद टूट गया। हत्या करना कबूल किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने आरोपी शेख रमजान अली को जेल भेज दिया है।

# 2 युवकों को नंगा कर पीटने का वीडियों

## बदमाश रावण ने कैमरे के सामने उतरवाए कपड़े, फिर दोस्तों के साथ बेल्ट से पीटा





**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में बदमाश ने अपने साथियों के साथ 2 युवकों को नग्न कर बेल्ट से पीटा है, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। वहीं तीसरे युवक को भी बंद कमरे में ले जाकर जमकर डराया और धमकाया। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मामला जूटमिल थाना क्षेत्र का है। बेल्ट से जो युवक पीट रहा है, उसका नाम बंटी साहू उर्फ रावण है। इसी तरह नग्न कर पीटने के लिए 4 दिसंबर को एक और युवक को बुलाया था। युवक का नाम रोमेश साहू है। जो नावापारा का रहने वाला है। उसे भी नग्न किया, लेकिन पीट नहीं पाया। पड़ोसियों ने रोमेश साहू को बचा लिया।

पीड़ित रोमेश साहू ने बताया कि रावण ने उसे बातचीत करने के लिए ऑफिस बुलाया था। जब वो पहुंचा तो उसे कपड़े उतारने के लिए कहा, लेकिन रोमेश ने मना कर दिया। उसे डरा धमकाकर कैमरे के सामने उसे नंगा किया गया। बेल्ट से पीटने की कोशिश की। इस दौरान आरोपी ने कहा कि तू बुलाने पर भी नहीं आता है। बहुत होशियार हो गया है। इस पर रोमेश ने माफी भी मांगी, लेकिन रावण उसे पीटने के नाम पर जमकर डराया धमकाया।

**एसपी से आरोपी रावण की शिकायत:** वारदात के बाद रोमेश काफी डरा हुआ था। उसने अपने परिवार के लोगों को जानकारी दी। इसके बाद वह जूटमिल थाने में रावण के खिलाफ शिकायत की, लेकिन शिकायत के 5 दिन बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने परिवार के साथ सोमवार को एसपी दिव्यांग पटेल से रावण के खिलाफ शिकायत की।

**परिवार वालों को दे रहा धमकी:** पीड़ित रोमेश साहू ने बताया कि थाना में शिकायत करने पर उसके परिवार को फोन से मारने की धमकी दी जा रही है। घर आकर धमका रहा है। रात में किसी घटना के डर से परिचितों के घर जाकर सोने को मजबूर है। शिकायत को वापस लेने के लिए रिश्तेदारों को भी धमकी देने लगा। परिवार में दहशत का माहौल है।

**अब जानिए नग्न कर मारपीट वाले वीडियो की कहानी:** दरअसल, सोमवार को रावण के 2 वीडियो वायरल हुए हैं। दोनों वीडियो में रावण अलग-अलग दिन युवकों से कपड़े उतरवाता है। उनको कैमरे के सामने नग्न करता है। इसके बाद फिर बेल्ट से पीठ पर मारता है। युवक चिल्लाने लगता है, लेकिन आरोपी पीटता रहता है। मारपीट के ये दोनों वीडियो एक महीने पुराने बताए जा रहे हैं। दोनों युवक रायगढ़ के ही रहने वाले हैं। रावण अपनी दहशत बरकरार रखने के लिए युवकों को बुलाता है। ऑफिस का दरवाजा बंदकर अपने साथियों के साथ उन्हें जमकर पीटता है। हालांकि इन दोनों युवकों ने डर में एफआईआर नहीं कराई है।

**रावण के खिलाफ कई अपराध भी दर्ज हैं:** बंटी साहू उर्फ रावण के खिलाफ जूटमिल थाने में कई अपराध भी दर्ज हैं। यह पहले लोगों को ठगी का शिकार बनाता था। मकान निर्माण सामग्री की सप्लाई के नाम पर लोगों से ठगी करता था। इसके अलावा मारपीट के भी कई मामले दर्ज हैं। इसके पहले जिला बदर भी किया गया था।

**कहां पास खोल रखा है ऑफिस:** अटल चौक रोड के पास रावण ऑटो नाम से उसकी ऑटो मोबाइल पार्ट्स की दुकान है। उसी के ऊपर रावण अपना ऑफिस बना रखा है। वहां लगे सीसीटीवी फुटेज में वीडियो रिकॉर्ड हो सकते हैं, खंगालने से और भी मामले सामने आ सकते हैं।

**पुलिस मामले में कार्रवाई करेगी:** एडिशनल एसपी आकाश मरकाम ने बताया कि वीडियो संज्ञान में आया है। रायगढ़ पुलिस उस पर गंभीरता से विचार कर रही है। उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-02 तथा मतदान अधिकारी -03 को मास्टर ट्रेनरों ने दिया प्रशिक्षण



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** आज त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 संपन्न कराने हेतु विकासखंड भरतपुर के पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 02 एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 03 का प्रथम चरण का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल भरतपुर में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीएम भरतपुर प्रवीण भगत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भरतपुर प्रीतेश सिंह राजपूत एवं तहसीलदार भरतपुर शतरूपा साहू सहित पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 02 एवं मतदान अधिकारी 03 बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे। इन अधिकारियों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## जनदर्शन में आए 18 आवेदन, जनदर्शन में नागरिकों की समस्याओं पर कलेक्टर ने की त्वरित कार्रवाई

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आज कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए। आज के जनदर्शन में आवेदक मान सिंह निवासी बरकेला अपने काबिज के भूमि का पट्टा बनवाने के संबंध में, रामसुभग निवासी मनवारी भूमि के संबंध में, महावीर सिंह निवासी मनेन्द्रगढ़ भूमि के संबंध में, अजय कुमार ठाकुर निवासी बरबसपुर सी.सी रोड अंतिम छोर तक बढ़ाने के संबंध में, सरपंच महेंद्र सिंह निवासी लालपुर क्रीड़ा परिसर का समतलीकरण कार्य की राशि प्रदाय करने के संबंध में, रितेश निवासी मनेन्द्रगढ़ 10 साल बीत जाने के बाद भी नामातरण नहीं किए जाने के संबंध में, अनिरुद्ध प्रसाद निवासी उमरवाह प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास बनाने हेतु प्रदाय राशि न दिये जाने के संबंध में, शांति निवासी मेंड्राडोल भूमि के संबंध में, अमित कुमार कश्यप निवासी मनेन्द्रगढ़ बकाया राशि का भुगतान कराये जाने के संबंध में, बृजभूषण श्रीवास्तव निवासी चिरमिरी सुलभ शौचालय को पुनः संचालित करने के संबंध में, रामकुमार निवासी बरमपुर नवीन हैंडपम्प फर्जी करने के संबंध में, हीरालाल निवासी घटई भूमि मकान न गिरवाने के संबंध में, मुकेश, पवन सिंह, विजय कुमार निवासी पेण्ड्री अन्य शाला में सलंग्न शिक्षिका को उनके मूल पदस्थ शाला में वापस करने के संबंध में, समस्त ग्रामवासी निवासी पेण्ड्री स्कूल की भूमि का सीमांकन करने व अतिक्रमण हटवाने के संबंध में, बाबू लाल निवासी चैनपुर भूमि के संबंध में, समस्त वार्डवासी निवासी मनेन्द्रगढ़ घर की सीढ़ी को सड़क पर बनाया गया है।

# आईपीएस जीपी सिंह की बहाली का रास्ता साफ

## सुप्रीम कोर्ट ने भी खारिज की केंद्र सरकार की याचिका, कैट के आदेश को दी थी चुनौती



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित बर्खास्त आईपीएस जीपी सिंह की बहाली का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कैट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। इससे पहले हाईकोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति, राजद्रोह और ब्लैकमेलिंग केस को राजनीति से प्रेरित मानकर खारिज कर दिया है। इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने भी राहत दी है। दरअसल, 30 अप्रैल को छत्तीसगढ़ पुलिस के सीनियर अधिकारी आईपीएस जीपी सिंह को सीएटी (केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण) से बड़ी राहत मिली थी। सीएटी ने 4 सप्ताह में जीपी सिंह से जुड़े सभी मामलों को निराकृत कर बहाल किए जाने का आदेश दिया था।

**कैट के आदेश को फिर दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती:** कैट के फैसले के बाद राज्य शासन ने उन्हें फिर से बहाल करने के लिए केंद्र सरकार से अनुशंसा की, लेकिन केंद्र सरकार ने उन्हें बहाल करने के बजाय कैट के आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दे दी।

हालांकि दिल्ली हाईकोर्ट से याचिका खारिज हो गई, इसके बाद केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। इस पर अब फैसला आने के बाद जीपी सिंह की बहाली का रास्ता साफ हो गया है।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस ऋषिकेश राय और एसबीएन भाटी की डिवीजन बेंच में मामले की सुनवाई हुई। इसमें जीपी सिंह की तरफ से सीनियर एडवोकेट पीएस पटवालिया ने पैरवी की। वहीं छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के अधिवक्ता हिमांशु पांडे ने उन्हें असिस्ट किया किया।

**संपत्ति, राजद्रोह और ब्लैकमेलिंग के तीन अलग-अलग केस:** दरअसल, आईपीएस जीपी सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति, राजद्रोह और ब्लैकमेलिंग के तीन अलग-अलग केस दर्ज किया गया था, जिसमें उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी और उन्हें लंबे समय तक जेल में भी रहना पड़ा था, जिस पर केंद्र सरकार ने उन्हें बर्खास्त कर अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी।

वहीं, जीपी सिंह ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक केस को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। केस की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की बेंच ने उनके खिलाफ दर्ज तीनों एफआईआर को निरस्त कर दिया है।

# स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में 14 विकास कार्यों के लिए 02 करोड़ रूपए की मिली मंजूरी

## अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से जिले को मिली 2 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की स्वीकृति



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक एवं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में 14 विकास कार्यों के लिए 02 करोड़ रूपए की मंजूरी मिली है। राज्य शासन के अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से जिले को 2 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस आशय के संबंध में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश भी जारी कर दिया है।

स्वीकृत कार्यों में चिरमिरी विकासखंड/ जनपद पंचायत के आमानाला दफाई उड़िया तुर्रा के ऊपर सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की स्वीकृति, हल्दीबाड़ी हीरागिरी दफाई रामू मेस के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति, वार्ड 18 के ईट्टा भट्टा में बैंकर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति, बगनच्चा दफाई में हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की स्वीकृति, नागेश्वर काली मंदिर के पास गोदरीपारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति, गोदरीपारा के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई।

इसी प्रकार चिरमिरी विकासखंड/ जनपद पंचायत के ही डोमनहिल (लक्ष्मीनारायण क्लब के पास) सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की स्वीकृति, डोमनहिल (लक्ष्मीनारायण क्लब के पास) डोमनहिल उड़िया दफाई में नील वक्र विद्यापीठ के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की स्वीकृति तथा पोड़ी पेट्रोल पंप के पास शिवमंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। स्वीकृत कार्यों में खड़गंवा विकासखंड/ जनपद पंचायत के ग्राम रतनपुर में सामुदायिक भवन के ऊपर अतिरिक्त सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति तथा कटकोना के नेवारी बहरा रोड में घोड़ापाट नाला में आरसीसी पुलिया निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

इसी क्रम में मनेन्द्रगढ़ विकासखंड/ जनपद पंचायत के चैनपुर वनवासी कल्याण आश्रम के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की स्वीकृति, वार्ड नंबर 2 में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की स्वीकृति, चैनपुर के जायसवाल समाज के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## पुष्पा-2 का सारा कलेक्शन लूट ले गए नकाबपोश लुटेरे

**मीडिया ऑडाटर, भिलाई एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में मुक्ता मल्टीप्लेक्स सिनेमा हॉल में लुटेरों ने 1 लाख 17 हजार की लूटपाट की है। फिल्म पुष्पा-2 की वजह से सभी सिनेमा हॉल हाउस फुल चल रहे हैं। फिल्म की कमाई देखकर लुटेरों ने साजिश रची। मामला पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र का है।

बदमाशों ने गार्ड से मारपीट की और गर्दन पर चाकू अड़ाकर वारदात को अंजाम दिया। 2 नकाबपोश लुटेरों ने टॉकीज के अंदर लूटपाट की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**सुरक्षा के लिए एक गार्ड की ड्यूटी:** रविवार-सोमवार देर रात 2 बजे तक लास्ट शो छूटा। इसके बाद वहां का स्टाफ टॉकीज को बंद कर घर चला गया। वहां सुरक्षा के लिए एक गार्ड की ड्यूटी लगाई गई थी। सोमवार तड़के करीब 4 बजे बाइक पर 2 नकाबपोश लड़के आए।

# विश्व शौचालय दिवस अभियान के तहत् जिले में मनाया गया

## "हमारा शौचालय, हमारा सम्मान" कार्यक्रम




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर डी. राहुल बनकट के दिशा-निर्देशन एवं परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में विश्व शौचालय दिवस अभियान अंतर्गत "हमारा शौचालय, हमारा सम्मान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सामुदायिक सहभागिता एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से व्यक्तिगत एवं पारिवारिक शौचालय की उपयोगिता एवं रखरखाव मरम्मत उपरांत सुनिश्चित हुई है। विदित है कि 19 नवंबर 2024 से 10 दिसंबर 2024 तक विश्व शौचालय अभियान अभियान संचालित किया जा रहा था। जिसमें जिले से 248 उत्कृष्ट व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय का नॉमिनेशन किया। इसके साथ ही 2 जिला स्तरीय सामुदायिक शौचालय का नॉमिनेशन भी किया गया। जिसके परिपेक्ष में सामुदायिक शौचालय एवं व्यक्तिगत शौचालय की साफ सफाई एवं उपयोगिता सुनिश्चित करने हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा था। उक्त परिपेक्ष में विभिन्न ग्राम पंचायत की स्वच्छग्राही महिलाओं एवं ग्रामीणों ने अपने शौचालय को सुसज्जित कर उपयोगिता सुनिश्चित की है।

विगत दिवस माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा चिरमिरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 15 स्वच्छाग्राहियों को डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण एवं पृथक्करण हेतु ,गांव को ओ डी एफ प्लस मॉडल गांव निर्माण, एवं सामुदायिक स्वच्छता,जनजागरुकता हेतु स्वच्छता किट प्रदान की गई एवं किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उक्त अवसर पर माननीय अरुण साव उप मुख्यमंत्री, श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य मंत्री, चिंतामणि महराज सांसद सरगुजा, रेणुका सिंह विधायक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-01 भरतपुर-सोनहत, प्रणव कुमार विधायक जीपीएम भी उपस्थित रहे।

# सरपंच और उपसरपंच बर्खास्त

## सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाया मकान और डेयरी फार्म, एसडीएम के प्रतिवेदन पर एक्शन




**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर जिले के ग्राम पंचायत बसिया के सरपंच और उपसरपंच ने मिलकर गौठान की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया। जिसमें उन्होंने मकान और डेयरी फार्म बना लिया। एसडीएम ने जांच में अवैध कब्जा होना बताया। उनके प्रतिवेदन पर एडिशनल कलेक्टर ने महिला सरपंच और उपसरपंच को बर्खास्त कर दिया है। मामला बिल्हा विकासखंड का है। एडिशनल कलेक्टर की कोर्ट से जारी आदेश के अनुसार, ग्राम पंचायत बसिया की सरपंच उषा यादव पति कृष्ण कुमार यादव और उपसरपंच बलदाऊ यादव के खिलाफ सरकारी जमीन में अवैध कब्जा करने की शिकायत की गई थी। जिस पर इस मामले की जांच कर अतिरिक्त तहसीलदार ने 8 अक्टूबर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया। जांच में पता चला है कि, सरपंच पति कृष्ण कुमार यादव ने खसरा नम्बर 231/1 रकबा 8.260 हेक्टेयर शासकीय भूमि के अंश भाग पर गौठान के पास पक्का मकान निर्माण किया जा रहा है। खसरा नम्बर 213/8 रकबा 0.607 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर उपसरपंच ने डेयरी फार्म बनाकर अतिक्रमण कर लिया।

**सरपंच और उपसरपंच ने नोटिस के जवाब में भी की पुष्टि:** इस मामले में सरपंच और उपसरपंच को एसडीएम ने नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के लिए के निर्देश दिए। जिसके जवाब में उन्होंने सरकारी भूमि पर कब्जा कर मकान निर्माण किए जाने की पुष्टि की। इस तरह शासकीय भूमि में अतिक्रमण करने के मामले में सरपंच और उप सरपंच की संलिप्तता सामने आई है। इसलिए सरपंच और उप सरपंच छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 36 एक के तहत पंचायत सरपंच और उपसरपंच को पद से हटा दिया गया है।

## दुष्कर्म पीड़िता के पति से पुलिस ने मांगा मुर्गा

# जशपुर में केस दर्ज करने 5 हजार भी मांगे, पैसे दिए तब मेडिकल कराने भेजा



**मीडिया ऑडीटर, जशपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर में रेप पीड़िता के पति ने पुलिस पर केस दर्ज करने के एवज में 5 हजार और मुर्गा मांगने के आरोप लगाए हैं। महिला के पति के अनुसार 2 दिसंबर को उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म हुआ। इस घटना के बाद वह जशपुर के पंड्रापाठ चौकी केस दर्ज कराने गए। उस दौरान चौकी प्रभारी ने उससे पैसों और एक मुर्गा की मांग की।

पीड़ित ने बताया कि उसने चौकी प्रभारी को 500 रुपए दिए। जिसके बाद मेडिकल जांच के लिए बगीचा अस्पताल उसकी पत्नी को ले जाया गया। पति ने यह शिकायत एसपी से की। वहीं एसपी शशिमोहन सिंह ने इन आरोपों को खारिज किया है।

**किराए के वाहन में जांच के लिए ले गया:** पति का कहना है कि दूसरे दिन उसकी पत्नी को जांच कराने के लिए फिर ले जाया गया। इस दिन उसके कपड़ों की जांच की गई। इस दौरान उसे अपनी पत्नी को अस्पताल ले जाने के लिए 1500 रुपए पर किराए का वाहन लेना पड़ा।

**600 रुपए का मुर्गा खरीदकर दिया:** शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि चौकी प्रभारी ने 500 रुपए के साथ ही 600 रुपए में खरीदा गया मुर्गा भी उससे ले लिया। पति ने कहा कि मैं विशेष पिछड़ी जनजाति से ताल्लुक रखता हूं। मैंने अपनी जमीन गिरवी रखकर 10 हजार रुपए लिए थे, जिसमें से 9 हजार रुपए खर्च हो गए। थाना प्रभारी ने मुझसे रिश्वत ली है।

**उकसावे में आकर लगाए आरोप- एसपी:** इस मामले में जशपुर एसपी शशिमोहन सिंह ने कहा कि यह पहली नजर में उकसावे में शिकायत दर्ज करने का मामला लगता है। शिकायतकर्ता ने किसी के उकसावे में आकर आरोप लगाए हैं।आरोपों की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। पुलिस कर्मचारी पर लगे आरोपों की जांच की जा रही है

**रेप का आरोपी गिरफ्तार:** 3 दिसंबर को 29 वर्षीय विवाहित महिला पंड्रापाठ चौकी पहुंची और शिकायत की कि 2 दिसंबर की उसके साथ एक शख्स ने रेप किया है। इस केस में आईपीसी की धारा 64 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## टीम इंडिया के सामने लगे अल्लाह हू अकबर के नारे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अंडर-19 एशिया कप के फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश ने भारत को 59 रन से हरा दिया। भारत की हार से फैंस की उम्मीदें टूट गईं, वहीं बांग्लादेश ने लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया।

ये मुकाबला रविवार को खेला गया था। वहीं इस दौरान स्टेडियम में अल्लाह हू अकबर के नारे लगने लगे। दुबई में दर्शकों की भीड़ बांग्लादेश के पक्ष में दिखी और बड़ी संख्या में फैंस डिफेंडिंग चैंपियन के समर्थन में जुटे थे। खेल के दौरान दुबई स्टेडियम के अंदर अल्लाह हू अकबर के नारे गूंजते रहे। भारत के खिलाफ मैच के आखिरी मिनटों में जब बांग्लादेश जीत के बिलकुल करीब था, तब कप्तान अजीजुल हकीम तमीम को भीड़ को जोर-जोर से अल्लाह हू अकबर के नारे लगाने के लिए प्रेरित करते देखा गया। श्रीलंका के पूर्व ऑफ-ब्रेक गेंदबाद रोशन अबेसिंघे ने कहा कि, क्या वह भीड़ को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं? बहुत बढ़िया दूसरे ओर भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अतुल वासन ने कहा कि, सभी शोमैन हैं। वे जानते हैं कि दर्शक दीर्घा में खुद को कैसे दिखाना है। वहीं मैच की बात करें तो, फाइनल में भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश ने 49.1 ओवर्स में 198 रन का स्कोर बनाया। जिसके जवाब में भारतीय टीम 139 रन पर ही सिमट गई।

बांग्लादेश की तरफ से रिजान हुसैन ने 47 गेंदों में पर 65 रन बनाए।

## क्रिस्टल पैलेस ने मैनचेस्टर सिटी को बराबरी पर रोका, मैनचेस्टर यूनाइटेड को नॉटिंघम फॉरेस्ट ने हराया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** क्रिस्टल पैलेस ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में मैनचेस्टर सिटी को 2-2 की बराबरी पर रोक दिया जिससे चार बार की गत चैम्पियन के लिए खिताब का बचाव करना मुश्किल होगा। नॉटिंघम फॉरेस्ट ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 3-2 से हराकर उलटफेर किया। सिटी ने बुधवार को नॉटिंघम फॉरेस्ट को हराकर सात मैचों के बाद पहली जीत दर्ज की थी लेकिन इस ड्रॉ मुकाबले के साथ उसे अंक साझा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। सिटी की टीम मैच में दो बार पिछड़ रही थी लेकिन एर्लिंग हालैंड और रिको लुइस के गोल से टीम वापसी करने में सफल रही। क्रिस्टल पैलेस के लिए डेनियल मुनोज और मेक्सेंस लेकरोइक्स ने गोल किये।



इस ड्रॉ मैच के बाद पेप गार्डियोला की टीम तालिका में चौथे स्थान पर है और शीर्ष पर काबिज लिवरपूल से आठ अंक पीछे हैं। एस्टोन विला ने अंतिम स्थान पर मौजूद साउथेम्प्टन को 1-0 से हराया जबकि ब्रेंटफोर्ड ने न्यूकैसल के खिलाफ 4-2 से जीत हासिल की। मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ फॉरेस्ट ने दूसरे मिनट में निकोला मिलेनकोविच के हेडर से बढ़त बनाई लेकिन रासमस होजलुंड ने यूनाइटेड के लिए बराबरी का गोल दाग दिया। मार्गन गिब्स व्हाइट और क्रिस वुड ने दूसरे हाफ में सात मिनट के अंदर दो गोल कर फॉरेस्ट को 3-1 से आगे कर दिया। ब्रूनो फर्नांडिस ने 61वें मिनट में गोल कर घरेलू टीम की वापसी करायी लेकिन यह मैच का अंतिम गोल साबित हुआ।

## खेलों को बढ़ावा देने और निष्पक्ष चयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कानून बनाएगा पंजाब

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक नया कानून बनाने की मंजूरी दे दी जिसका उद्देश्य राज्य में खेलों को बढ़ावा देना और खिलाड़ियों का निष्पक्ष चयन सुनिश्चित करना है। प्रस्तावित कानून-पंजाब राज्य (खेलों का विकास और प्रोत्साहन) अधिनियम 2024 - खेल संघों के कामकाज में पारदर्शिता के लिए एक कानूनी ढांचा बनाने में भी एक लंबा रास्ता तय करेगा। खेल विभाग की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री मान ने कहा कि अधिनियम का उद्देश्य राज्य में खेलों के विकास के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की अच्छी प्रथाओं को अपनाना और खिलाड़ियों का निष्पक्ष चयन सुनिश्चित करना है। मान ने कहा कि अधिनियम खेल संघों के कामकाज में पारदर्शिता के लिए एक कानूनी ढांचा बनाने में भी एक लंबा रास्ता तय करेगा। उन्होंने कहा, ''यह राज्य स्तर पर अपने जिलों या राष्ट्रीय स्तर और अन्य प्रतियोगिताओं में राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों का निष्पक्ष चयन भी सुनिश्चित करेगा।'' मान ने कहा कि यह खेल संघों द्वारा सरकारी धन के उचित उपयोग में भी मदद करेगा। प्रस्तावित अधिनियम के अनुसार प्रत्येक जिले में एक विशिष्ट खेल के लिए एक संघ पंजीकृत किया जाएगा।

## एरिना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी का पुरस्कार जीता



**सेंट पीटर्सबर्ग ( एजेंसी )।** स्टार टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका को पहली बार डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने 2024 में दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते और दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी भी बनीं। टेनिस मीडिया के मतदान के अन्य परिणामों में ऐमा नवारो को सबसे अधिक सुधार करने वाली खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। पाउला बडोसा को साल में सर्वश्रेष्ठ वापसी करने वाली खिलाड़ी और लुलु सन को साल की सर्वश्रेष्ठ नयी खिलाड़ी चुना गया।

सारा इरानी और जैस्मिन पाओलिनी को साल की सर्वश्रेष्ठ युगल टीम चुना गया। सबालेंका ने 2024 में जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन और सितंबर में अमेरिकी ओपन के साथ इस सत्र में दो अन्य खिताब जीते। उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 56-14 रहा। उन्होंने लगभग एक करोड़ डॉलर की पुरस्कार राशि जीती। उन्होंने अक्टूबर में ईगा स्वियातेक को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग हासिल की।

## चोटिल हैं जसप्रीत बुमराह?



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर से ब्रिसबेन के गाबा मैदान पर खेला जाएगा। भारत के एडिलेड टेस्ट गंवाने के बाद अब 5 मैच की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है। भारतीय टीम एडिलेड टेस्ट गंवाने के बाद एक्शन मोड में है और ब्रिसबेन के लिए रवाना होने से पहले मंगलवार को एडिलेड में ही जमकर अभ्यास किया। लेकिन इस प्रैक्टिस सेशल में टीम के उपकप्तान जसप्रीत बुमराह नहीं उतरे। दरअसल, उन्हें एडिलेड टेस्ट में चोट लगी थी या फिर टीम मैनेजमेंट ने उनके वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत ऐसा किया, ये देखने वाली बात होगी। सिराज ने भी मंगलवार को अभ्यास नहीं किया।

भारत के 4 में से तीन पारियों में 200 से कम स्कोर पर सिमटने के बाद, बल्लेबाजी यूनिट ने एडिलेड ओवल में नेट पर खूब पसीना बहाया और अपनी कमियों को दूर करने की कोशिस की। भारत ने अब तक सीरीज में 150, 487/6 पर्थ में, 180, 175 एलिडेल में स्कोर बनाया। दो भारतीय बल्लेबाजों ने अब तक शतक बनाया है, जिसमें यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली ने पर्थ में 161 और नाबाद 100 रन की पारी खेली थी।

केएल राहुल ने सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अपनी किसी भी पारी को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए, उनका सर्वोच्च स्कोर 77 रन रहा है। ऑलराउंडर नितीश कुमरा रेड्डी ने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और दोनों टेस्ट मैचों में अहम योगदान दिया। उनके 163 रन सीरीज में अब तक तीसरा सर्वोच्च स्कोर हैं, जायसाल ने 185 रन बनाए हैं और तालिका में टॉप पर चल रहे ट्रैविस हेड ने 240 रन बनाए हैं।

## भारत 14 मार्च से एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी शुरू करेगा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर के लिए अपनी तैयारी 14 मार्च से राष्ट्रीय शिविर के साथ शुरू करेगी जो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आखिरी लीग मैच के दो दिन बाद होगा।

ड्रॉ की पूर्व संध्या पर भारत के कोच मनोलो मार्केज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे को 'लंबे शिविर' का प्रस्ताव दिया। इगोर स्टिमक से पदभार संभालने के बाद मार्केज ने चार मैचों में अभी तक सफलता का स्वाद नहीं चखा है। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, ''अपने विपणन भागीदारों से परामर्श करने के बाद एआईएफएफ को लगा कि राष्ट्रीय शिविर इंडियन सुपर लीग 2024-25 के आखिरी लीग मैच के दो दिन बाद 14 मार्च को शुरू हो सकता है।

'' 56 वर्षीय मार्केज ने कहा, ''दो दिनों तक मेरी एआईएफएफ अध्यक्ष, सीनियर अधिकारियों और एआईएफएफ के तकनीकी सदस्यों के साथ बैठकें हुईं। मुझे यकीन है कि हमने जिस तरह की तैयारियां की हैं उससे राष्ट्रीय टीम एशियाई कप क्वालीफायर में अच्छा प्रदर्शन करेगी। ''

## भारत के कुश मैनी ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कुश मैनी ने फॉर्मूला 2 के 2024 सीजन में फिर से इतिहास रच दिया। इनविक्टा रेसिंग टीम ने फारमूर्ला 2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीती, जिससे 24 वर्षीय ये खिलाड़ी जूनियर फॉर्मूला के शिखर पर एफआईए कंस्ट्रक्टर्स वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने वाला पहला और एकमात्र भारतीय बन गया। ये शानदार उपलब्धि कुश के लिए एक शानदार वर्ष में इजाफा करती है, जो पहले एफ-2 पोल पोजीशन हासिल करने वाले पहले भारतीय बने थे। सीजन के उतार-चढ़ाव के बावजूद, कुश ने इनविक्टा की सफलता में अहम भूमिका निभाई, जिसमें हंगरी में एक रेस जीत सहित पांच पोडियम हासिल किए। जेद्दा में उनकी पोल पोजीशन ने टीम के प्रमुख अभियान की दिशा तय की, जिसका समापन कुश की पूर्व टीम कैंपोस रेसिंग पर 34.5 अंकों के अंतर से जीत के साथ हुआ। अंतिम रेस के लिए, मैनी ने अबू धाबी में एक ठोस क्वालीफाइंग राउंड खेला, जिसके परिणामस्वरूप पी6 पर रहे और दोनों रेस में उनकी शुरुआत और भी बेहतर रही। उन्होंने अपने पहले लैप में स्प्रिंट में 6 स्थान और अपने पहले लैप में फीचर में 3 स्थान का फायदा हुआ। हालांकि, उनके फ्लोर पर कुछ नकुसार के कारण उन्हें स्प्रिंट के लिए बैकफुट पर आना पड़ा। जबकि एक रूके हुए पिटस्टॉप ने रविवार को फीचर रेस में सीजन को उच्च स्तर पर खत्म करने की उनकी योजनाओं को बाधित किया।

मैनी ने इस शानदार उपलब्धि के बाद कहा कि, हमने जिस तरह से शुरुआत की, उसे देखते हुए ये वह साल नहीं था, जो मैं चाहता था, लेकिन फिर भी कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप सहित बहुत सारी सकारात्मक चीजें मिली। इनविक्टा में सभी को अच्छे प्रदर्शन के लिए धन्यवाद और भविष्य के लिए शुभकामनाएं। मैं आगे क्या करने वाला हूं इसका इंतजार कर रहा हूं और अगले साल के लिए तैयार हूं।

## उएशिया कप से जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना चाहेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम रविवार को यहां एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी और उसकी निगाहें अपना खिताब बचाने के साथ अगले साल के जूनियर विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की होगी। सात से 15 दिसंबर तक होने वाला यह टूर्नामेंट चिली में होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है।



कोच तुषार खांडेकर के मार्गदर्शन में भारत की अगुआई ज्योति सिंह करेंगी जबकि साक्षी राणा उप कप्तान होंगी। टीम में दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता टोप्पो और मुमताज खान जैसी खिलाड़ी भी शामिल हैं जो पिछले साल की खिताबी जीत के बाद से सीनियर टीम के लिए खेल रही हैं। पिछले साल भारत ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर पहली बार खिताब जीता था। भारत को पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल हैं। प्रत्येक टीम अपने पूल में प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी के साथ एक बार खेलेगी और प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के साथ अगले साल के विश्व कप में भी जगह बनाएंगी। प्रत्येक पूल की तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें जूनियर विश्व कप के लिए अंतिम स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

कप्तान ज्योति ने कहा, ''हम मैदान पर उतरने और टूर्नामेंट की मजबूत शुरुआत करने के लिए उत्साहित हैं। खिताब का बचाव करना चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन मुझे यकीन है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और हमारे देश को गौरवान्वित करेगी।''

उन्होंने कहा, ''यह टूर्नामेंट बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन दांव पर है इसलिए हम फिर से खिताब जीतने के लिए दृढ़ हैं। ''

अगर भारत पूल ए में शीर्ष दो टीमों में से एक रहता है तो वह 14 दिसंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंच जाएंगे।

## खेल मंत्री मांडविया ने बधिर खिलाड़ियों के साथ समान रवैया अपनाने का आश्वासन दिया



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने कुआलालंपुर में 10वें एशिया प्रशांत बधिर खेलों में 55 पदक जीतने वाले भारतीय दल को बधाई देते हुए आश्वासन दिया कि बधिर खिलाड़ियों के साथ भी अन्य खिलाड़ियों की तरह समान व्यवहार किया जाएगा। भारत ने एक से आठ दिसंबर तक आयोजित किए गए खेलों में 68 खिलाड़ियों को भेजा था, जिन्होंने आठ स्वर्ण, 18 रजत और 29 कांस्य पदक जीते। इस प्रतियोगिता में कुल 21 देशों ने भाग लिया था तथा भारत कुल मिलाकर पांचवें स्थान पर रहा।

मांडविया ने अपने आवास पर दल के लिए आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कहा, ''मैं देश को गौरवान्वित करने के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं। 55 पदक जीतना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। यह शानदार प्रदर्शन है।'' उन्होंने कहा, ''मैं आप सभी को हमारे पैरा खिलाड़ियों और ओलिंपिक खिलाड़ियों की तरह समान व्यवहार और सहायता का आश्वासन देता हूं। मैं आपको समान सुविधाएं प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। यह मेरा वादा है।

## पहली बाजी गंवाने के बाद मैंने मानसिक मजबूती दिखाकर पलटवार किया-डी गुकेश

**सिंगापुर ( एजेंसी )।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 11वें दौर में गत चैंपियन डिंग लिरेन को हराने के बाद रविवार को यहां कहा कि पहली बाजी गंवाने के बाद उन्होंने मानसिक मजबूती दिखाई जिससे वह पलटवार करके वापसी करने में सफल रहे। गुकेश ने यहां संवाददाताओं से कहा,''पहली बाजी में हार झेलने के बाद मुझे मानसिक मजबूती दिखाने की जरूरत थी। विश्व चैंपियनशिप की पहली बाजी गवाना अच्छा नहीं माना जा सकता है लेकिन मैंने पलटवार किया और इसके बाद अच्छी शतरंज खेली।''

गुकेश पहली बाजी हार गए थे लेकिन उन्होंने तीसरी बाजी जीत कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया था। इसके बाद लगातार सात बाजी ड्रॉ रही लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अब 6-5 की बढ़त हासिल करके खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं। उन्होंने कहा कि वापसी करवाने में उनकी टीम की भूमिका बहुत अहम रही और जोखिम उठाने का अपने फायदा मिला।

भारतीय खिलाड़ी ने कहा, ''इस बीच मुझे वापसी दिलाने के लिए मेरी टीम ने बहुत अच्छा काम किया।




स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।